हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री


बिलासपुर से तखतपुर के बीच कानन पेंडारी के पास सड़क पर रहता है मवेशियों का जमावड़ा।

# पशु विभाग की 50 एकड़ जमीन पर कब्जा, बने पक्के मकान, खेत में लगा है धान

## राजस्व और पशु विभाग की लापरवाही से हुआ शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

- नगोई स्थित शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र का मामला

नगोई स्थित पशु विकास विभाग की 50 एकड़ जमीन पर निजी व्यक्तियों ने 9 साल से कब्जा कर रखा है। निजी व्यक्तियों के द्वारा पक्के मकान बनाकर निवास किया जा रहा है, वहीं आधी जमीन पर फसल भी लगाई गई है, लेकिन इस कब्जे को हटाने के लिए ना तो कभी पशु विकास विभाग ठोस पहल कर सका है और ना ही राजस्व के अधिकारी कार्रवाई कर सके हैं।

दरअसल नगोई में शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र के लिए करीब 60 एकड़ जमीन आबंटित है, इसी जमीन के एक टुकड़े पर 10 एकड़ का साहीवाल गौ वंश संरक्षण केन्द्र बनाया गया है। आबंटन और सीमांकन होने के बावजूद 50 एकड़ जमीन पर निजी व्यक्तियों का अवैध कब्जा पनप रहा है। अवैध कब्जाधारी नए नए भवन बना रहे है, लेकिन विभागीय अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। बताया जा रहा है कि खसरा नं 550 13.92 हेक्टयर व खसरा नं 564/1 में 10.708 हेक्टयर जमीन साल 2016 में पशु विकास विभाग को आबंटित की गई थी। साल 2023 में गौ वंश संरक्षण केन्द्र बनाया गया, लेकिन इसके बाद से शासकीय जमीन पर बेजा उपयोग किया जा रहा है, रहवासी पकके मकान बना चुके हैं, शासकीय जमीन पर बोर किया गया है और 40 से अधिक एकड़ जमीन में धान की खेती की जा रही है, इसे रोकने के लिए पशु विभाग के अधिकारियों के द्वारा पत्राचार किया जाता है, लेकिन कार्रवाई नहीं हो सकी है।


नगोई स्थित पशु विभाग की जमीन पर बने मकान।

### चारा उत्पाद और विस्तार रूका

केन्द्र में साहीवाल गौ वंश को संरक्षित करते हुए उनके चारे और अन्य कार्यो के लिए जमीन की आवश्यकता है। फिलहाल पशु विकास विभाग चारा बाहर से खरीद कर गौ वंशों को खिला रहा है, लेकिन योजना के अनुसार पशुओं के चारे का उत्पादन भी केन्द्र की जमीन पर किया जाना है। वहीं विभाग के लिए अन्य विकास कार्य और केन्द्र का विस्तार किया जाना है, जिसके चलते जमीन की आवश्यता है।

### नहीं हटा है कब्जा

मेरी जानकारी में तहसीलदार और आरआई जमीन का सीमांकन कर लिया गया है। कब्जा शुरू है, लेकिन हमें 25 एकड़ जमीन का ही पजेशन दिया गया है, जबकि आबंटित जमीन 60 एकड़ के करीब है। एसडीएम कार्यालय में इस बावत फाइल भी मौजूद है, लेकिन अवैध कब्जा नहीं हट सका है।

**-डॉ संजय दुबे,** प्रबंधक, गौ वंश संरक्षण केन्द्र

### आवेदन करने पर होगी कार्रवाई

शासकीय जमीन पर कब्जा किया जाना सही नहीं है, मेरी जानकारी में मामला नहीं है। पशु विभाग के अधिकारी आकर मिले और वस्तु स्थिति की जानकारी दें,आवेदन करने पर राजस्व विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई की जा सकती है।

**-मनीष साहू,** एसडीएम

### बेलतरा विधायक ने की पहल

शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे की बात को लेकर पशु विभाग के अधिकारियों को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने स्वयं ही कार्रवाई के लिए प्रेरित किया है। उन्हें पहल करते हुए अधिकारियों को राजस्व विभाग में सीमांकन के लिए आवेदन करने और अधिकारियों से मुलाकात करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि भूमि का आबंटन किए कई साल हो चुके हैं, ऐसे में खाली पड़ी जमीन पर कब्जा हो जाता है, लेकिन इसके लिए सीमांकन प्रक्रियाओं के द्वारा कब्जे की आपत्तियों का निपटारा कराया जा सका है। क्षेत्र के शासकीय भूमियों को संरक्षित करने की जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की है, ऐसे में इसके लिए तत्काल पहल की जानी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### भोडवाल माजरी स्टेशन में रूकेगी जम्मूतवी व हीराकुंड



**बिलासपुर।** भोडवाल माजरी स्टेशन में जम्मूतवी और हीराकुंड एक्सप्रेस ट्रेन का स्टापेज देने का निर्णय लिया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 78वां अंतरराष्ट्रीय निरंकारी संत समागम हरियाणा में निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को देखते हुए रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए 20808/20807 अमृतसर-विशाखापट्टनम और विशाखापट्टनम से अमृतसर के बीच चलने वाली हीराकुंड एक्सप्रेस और 20847/20848 दुर्ग-जम्मूतवी और जम्मूतवी से दुर्ग के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का स्टापेज भोडवाला माजरी रेलवे स्टेशन पर 6 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक दो मिनट के लिए देने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

### दुर्ग-हटिया द्विसाप्ताहिक चलेगी 31 दिसम्बर तक

**बिलासपुर।** दुर्ग सें हटिया के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार करते हुए 31 दिसम्बर तक किया गया है। 08185/08186 हटिया से दुर्ग और दुर्ग से हटिया के बीच सप्ताह में दो दिन स्पेशल ट्रेन का परिचलन किया जा रहा है, जो बिलासपुर स्टेशन होकर चल रही है। यह ट्रेन अब तक 1 अक्टूबर तक चलाई जानी थी, जिसके परिचालन में 26 फेरे का विस्तार करते हुए 31 दिसम्बर तक कर दिया गया है। 08185 हटिया-दुर्ग द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 2 अक्टूबर से 30 दिसम्बर तक और विपरीत दिशा में 08186 दुर्ग-हटिया द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 3 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक चलाई जाएगी।

### एडीईओ भर्ती परीक्षा की मेरिट लिस्ट जारी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) ने सहायक विकास विस्तार अधिकारी की भर्ती परीक्षा की प्रोविजनल मेरिट लिस्ट कर दी गई है। परीक्षा 15 जून 2025 को आयोजित की गई थी। वित्त विभाग की सहमति के बाद कुल 200 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके लिए कई चरणों में पत्राचार के बाद व्यापम को परीक्षा आयोजित करने का प्रस्ताव भेजा गया था। व्यापम ने 14 अगस्त 2025 को परीक्षा का अंतिम उत्तर और परिणाम जारी कर दिया था। इसके बाद 21 अगस्त को प्राप्तांक सूची और ओएमआर आंसर शीट विभाग को प्राप्त हुई। अभ्यर्थियों के प्राप्त अंकों का 85 प्रतिशत वेटेज लिया गया। साथ ही ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा रखने वाले उम्मीदवारों को 15 अतिरिक्त अंक दिए गए। इन्हीं आधारों पर संयुक्त मेरिट/वरीयता सूची बनाई गई है।

### पीएचई में 37 पदों पर भर्ती, परीक्षा अक्टूबर में

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर के तहत अनुरेखक (ट्रेसर) के 37 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। उम्मीदवार 1 अक्टूबर 2025 शाम 5:00 बजे तक फॉर्म भर सकते हैं। वहीं आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की सुविधा 2 से 4 अक्टूबर 2025 तक उपलब्ध होगी। परीक्षा रविवार 26 अक्टूबर को होगी। परीक्षा सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक होगी। प्रवेश पत्र 17 अक्टूबर को जारी किया जाएगा। व्यापम ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन मोड में ही किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति की स्थिति में उनका परीक्षा शुल्क नियमानुसार वापस कर दिया जाएगा। विस्तृत जानकारी और आवेदन के लिए अभ्यर्थी व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर विजिट कर सकते हैं।

### खेतों में बिछी हरी चादर....


इस साल अच्छी बारिश होने से खेतों में धान की फसल लहलहाने लगी है, ग्रामीण इलाकों में चारों ओर हरियाली नजर आ रही है।

## प्रतिबंधित यूरिया की बिक्री

# तीन दुकानों के लाइसेंस 21 दिनों के लिए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- दो खाद व एक कीटनाशक दुकान पर की गई कार्रवाई

कृषि विभाग द्वारा गुरूवार को सघन छापामार अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की गई है। इसके अंतर्गत प्रतिबंधित किए गए 26 बोरी यूरिया की बिक्री करने, बिना पॉश मशीन के खाद की बिक्री करने एवं दुकान संचालक द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने के कारण दो उर्वरक एवं एक कीटनाशक दवा दुकान का लाइसेंस 21 दिनों तक के लिए निलंबित किया गया है।

शासन द्वारा तय नियमों के अंतर्गत कार्य नहीं करने वाले खाद व कीटनाशक दुकानदारों पर कार्रवाई करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा लगातार छापामार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा कुछ दिनों पूर्व कोटा ब्लाक के बरद्वार में संचालित मेसर्स गीतांजली कृषि सेवा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया था। जिसमें निरीक्षण के दौरान पायी गई अनियमितताओं के कारण संस्थान में उपलब्ध खाद के विक्रय पर प्रतिबंध लगाते हुए स्पष्टीकरण जारी कर जवाब मांगा गया था। दुकानदार द्वारा स्पष्टीकरण देने के बाद निरीक्षक द्वारा फिर से औचक निरीक्षण कर दिया गया, जिसमें प्रतिबंधित 26 बोरी यूरिया खाद को बिना अनुमति के विक्रय करना पाया गया। विभाग द्वारा मामले को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधान का उल्लंघन मानते हुए फर्म के उर्वरक विक्रय लाइसेंस को 21 दिवस के लिए निलंबित किया गया है। इसी प्रकार बिल्हा ब्लॉक के मेसर्स रात्रे कृषि केन्द्र का भी विगत दिनों निरीक्षण किया गया था, जिसमें बिना पॉश मशीन के यूरिया खाद का विक्रय, उपलब्ध यूरिया खाद का स्कंध पंजी में संधारण नहीं होने, स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करने के कारण स्पष्टीकरण जारी कर उपलब्ध 113 बोरी यूरिया खाद की जब्ती की कार्यवाही की गई थी। स्पष्टीकरण प्रस्तुत नही करने पर उनके उर्वरक विक्रय लाइसेंस को भी 21 दिवस के लिए निलंबित किया गया है। तीसरे मामले में रतनपुर स्थित मेसर्स ओम कृषि केन्द्र का संबंधित निरीक्षक द्वारा औचक निरीक्षण किया गया था।

निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों व अनियमितताओं जिनमें अनुज्ञप्ति में बिना प्रिंसिपल सर्टिफिकेट इंद्राज कराये कम्पनियों के औषधियों का भण्डारण/विकय करना, अनुज्ञप्ति सहज सदृश्य स्थान पर प्रदर्शित नहीं करना, स्कंध पंजी संधारण नहीं करना, मासिक प्रतिवेदन नहीं भेजने के कारण संबंधित निरीक्षक द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण चाहा गया था। फर्म द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है, लेकिन लगातार व्यवसाय किया जा रहा था। विभाग द्वारा इस दुकान के भी कीटनाशक प्राधिकार पत्र को आगामी 21 दिवस के लिए निलंबित किया गया है।

### जारी रहेगा अभियान

जिले में संचालित सभी पंजीकृत आदान विक्रेताओं को निर्देश जारी किए गए हैं कि उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985, कीटनाशक अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 के प्रावधानानुसार ही व्यवसाय किया जाना है। इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर संबंधित फर्म के विरूद्व शासन के नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह विभाग का छापामार अभियान भी अभी जारी रहेगा।

**-पीडी हथेश्वर,** डीडीए बिलासपुर

### कृषि विस्तार अधिकारी को जान से मारने की धमकी

खाद भंडार की जांच करने गए कृषि विस्तार अधिकारी से दुकान संचालक ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, गोकुलधाम निवासी अजय कुमार सिंह पिता ओमकार सिंह कृषि विभाग में कृषि विस्तार अधिकारी हैं। 9 सितंबर की शाम 4.30 बजे वे अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ खमतराई स्थित गोपाल खाद भंडार में जांच कर रहे थे। इसी दौरान भंडार का संचालक गोपाल प्रसाद पटेल ने जांच का विरोध करते हुए शासकीय कार्य में बाधा डालकर उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। वह प्रशासन से नहीं डरता कहकर हंगामा मचाने लगा, जिससे वे बिना जांच के लौट गए थे। पुलिस ने अजय कुमार की रिपोर्ट पर गोपाल प्रसाद पटेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 221, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# शासकीय कीमत में बांटा गया जब्त यूरिया

- कृषि विभाग के हस्तक्षेप से किसानों तक पहुंचा यूरिया

बीते दिनों सीपत की लाइसेंसी दुकान से जब्त की गई 385 बोरी यूरिया कृषि विभाग के हस्तक्षेप से किसानों में बांट दी गई। कृषि विभाग के एसएडीओ द्वारा मौके पर उपस्थित रहकर शासन द्वार निर्धारित 266 रूपए कीमत में किसानों को यूरिया बंटवाई गई। जब्ती की कार्रवाई कालाबाजारी को ध्यान में रखकर ही की गई थी, लेकिन बाद में दुकान के लाइसेंसी होने की बात सामने आई।

तीन दिनों पहले सहकारिता निरीक्षक के द्वारा कालाबाजारी की शंका पर सीपत की एक लाइसेंसी खाद दुकान से 285 बोरी यूरिया की जब्ती की गई थी। इसके बाद कृषि विभाग द्वारा दुकान के शासन के नियमों के अंतर्गत लाइसेंसी होने की जानकारी दी गई, लेकिन तब तक यह मामला तहसीलदार सीपत तक पहुंचने के के कारण किसानों तक वितरित नहीं किया जा सका था। इधर कृषि विभाग द्वारा इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए उक्त जब्त यूरिया को वापस लाइसेंसी दुकान में लाने के बाद क्षेत्र के किसानों को शासन द्वारा तय 266 रूपए प्रति बोरी की दर पर वितरित कराया गया। इस दौरान वितरण में किसी भी तरह की लेटलतीफी या कालाबाजारी न हो इसके लिए विभाग से एक एसएडीओ को मौके पर भेजा गया था, जिनकी उपस्थिति में यूरिया का वितरण किसानों को किया गया।

### मामला सुलझ गया

सीपत में लाइसेंसी खाद दुकान से यूरिया की जब्ती का मामला सुलझ गया है। जब्त 385 बोरी यूरिया को विभाग के एसएडीओ की उपस्थिति में किसानों को बंटवा दिया गया है।

**-पीडी हथेश्वर,** डीडीए बिलासपुर

## पुलिस कर रही संपत्ति की जांच

# मनिहारी दुकान चलाने वाले का बेटा ठगी कर डेढ़ साल में बना करोड़पति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पैसा डबल करने का झांसा देकर ठगी के मामले में नया मोड़ आ गया है। मनिहारी दुकान चलाने वाले का बेटा महज डेढ़ साल में लोगों को डबल पैसा देने का झांसा देकर करोड़पति बन गया, पुलिस को पता चला है कि उसने लगभग 50 लोगों से 5 करोड़ रुपए की ठगी की और फरार हो गया है, उसने शहर में कई जगहों पर कीमती जमीन व लग्जरी गाड़ी खरीदी है। जानकारी मिलने के बाद अब उसकी संपत्ति की जांच की जा रही है।

7 सितंबर को सिंधी कालोनी निवासी हरेश बजाज ने सिविल लाइन थाने में रिपोट लिखाई। डेढ़ साल पहले सिंधी कालोनी निवासी हीरा भगवानी व उसके सहयोगी मुरली लहेजा ने वेस्टीज कंपनी का प्रोडक्ट को खरीदने पर 90 दिन में डबल पैसा देने की बात कही। लालच में आकर लोगों ने पैसा जमाकर प्रोडक्ट खरीदना शुरू कर दिया। 90 दिन होने पर लोगों को डबल रकम लौटाने लगा। उसके बाद उसने 45 दिन में डबल पैसा देने की योजना बनाई। इससे बड़ी संख्या में सिंधी कालोनी, चकरभाठा व आसपास के लोग मोटी रकम जमा कर प्रोडक्ट खरीदने लगे। उसने कुछ लोगों को 45 दिन में दोगुना पैसा दिया। इससे और भी लोग प्रभावित हुए और लोग उक्त कंपनी में 10 से 20 लाख रुपए जमा करने लगे। मोटी रकम लेने के बाद वह लोगों को घुमाने लगा। जानकारी के अनुसार उसने महज डेढ़ साल में 50 से अधिक लोगों से 5 करोड़ रुपए जमा कराया और शहर छोड़कर भाग गया है। डबल पैसा नहीं मिलने पर पीड़ित उसके घर का चक्कर लगा रहे थे। रकम नहीं मिलने पर कुछ पीड़ित उसके घर से उसकी लग्जरी गाड़ी लेकर चले गए।

### थाने से बिना कार्रवाई के छोड़ा

खबर है कि एक माह पहले पीड़ितों ने मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में की थी। शिकायत के आधार थाने के वरिष्ठ आरक्षक ने हीरा भागवानी व उसके सहयोगी मुरली लहेजा को पकड़कर थाने ले गए थे। घण्टों थाने में बैठाने के बाद दोनों को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया था। अब मामला दर्ज होने पर पुलिस उसी आरोपी हीरा भागवानी को पकड़ नहीं पा रही है।

### खरीदी करोड़ों की जमीन

10 सितंबर को पुलिस ने फरार मुख्य आरोपी हीरा भागवानी के घर में छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान चौंकाने वाले दस्तावेज हाथ लगे। पता चला है कि डेढ़ साल के भीतर भागवानी ने अपनी मां व रिश्तेदारों के नाम पर तिफरा व शहर के कई जगहों पर करोड़ों रुपए की जमीन व कई लग्जरी गाड़ियां खरीदी है। दस्तावेज के आधार पर उसकी संपति का रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

### संपत्ति जब्त की जाएगी

फरार आरोपी द्वारा लोगों को डबल पैसा देने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी की गई है। ठगी की रकम से तिफरा सहित शहर के अन्य जगहों पर कीमती जमीन रिश्तेदारों के नाम पर खरीदने की जानकारी मिली है। राजस्व विभाग से रिकार्ड लेने के बाद उक्त संपत्ति को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

**-निमितेश सिंह परिहार** सिविल लाइन सीएसपी

### पत्नी थी डिस्ट्रीब्यूटर

आरोपी ने नामी कंपनी वेस्टीज में अपनी पत्नी नायरा भगवानी के नाम पर डिस्ट्रीब्यूटर बनाया था। उसके बाद कंपनी की आड़ में लोगों को पैसा डबल करने का झांसा देकर ठगी करने लगा। पुलिस ने उसके घर से वेस्टीज कंपनी में पत्नी के नाम का डिस्टीब्यूटर लेने का दस्तावेज बरामद किया है। उसके आधार पर उसकी पत्नी को एक पहले बुधवार को गिरफ्तार किया है।

## महिला की शिकायत पर जुर्म दर्ज, आरोपी नहीं पकड़ा गया

# निवेश के नाम पर महिला से 16 लाख 65 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला से निवेश के नाम पर 16 लाख 65 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, टिकरापारा जलाराम मंदिर निवासी परविंदर कौर पिता सुरेन्द्र सिंह 40 साल ने रिपोर्ट लिखाई। 25 अगस्त 2025 को अज्ञात मोबाइलधारक ने उनके मोबाइल नम्बर को नोमुरा क्लंग एस 614 वाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया। ग्रुप में जोड़ने के बाद उन्हें व्यक्तिगत रूप से मैसेज आया कि आप गूगल प्ले स्टोर से नमुरक्स ऐप डाउनलोड करें। उन्होंने एप डाउनलोड किया और एप खोलने पर अपना नाम और आधार या पैन कार्ड अपलोड करने कहा गया। आधार नम्बर लिखकर उन्होंने अपलोड कर समिट करने पर एकाउंट खुल गया। उसके बाद उन्होंने यूसर नेम बताकर पासवर्ड सेट किया गया। उसके बाद फिर उन्हें मैसेज आया कि उनके बताए गए एसआर काकरी उत्कर्ष बैंक के खाता में 5 हजार रुपए डालें, उन्होंने पैसा डाल दिया। उसके बाद शेयर खरीदने के लिए मैसेज आया तो उन्होंने 5 हजार रुपए का शेयर खरीदा। 29 अगस्त को शेयर बेचने संबंधी मैसेज आया तो उन्हें शेयर बेचने में थोड़ा लेट हो गया। उसके बाद ओटीसी ट्रेडिंग के लिए 2 लाख 10 हजार रुपए डालने के लिए कहा गया, उन्होंने पैसा ट्रांसफर कर दिया। उक्त शेयर को बेचने में उन्हें 51 हजार रुपए का फायदा हुआ। उसके बाद अलग अलग किश्तों में शेयर खरीदने के नाम पर उनसे 16 लाख 65 हजार रुपए ट्रांसफर कराया गया। उनके द्वारा शेयर से हुए लाभ का 10 लाख रुपए निकालने के संबंध रिक्वेस्ट डाला तो रिक्वेस्ट कैंसिल हो गया। उन्हें बताया गया कि रकम आईपीओं में डाल दी गई है, इससे उन्हें 200 प्रतिशत फायदा हुआ है। उन्होंने फायदा लेने से मना करते हुए रकम वापस मांगी तो उन्हें कहा गया पैसा वापस निकालने के लिए 18 लाख रुपए देना होगा। उसके बाद उन्हें आनलाइन ठगी होने का अहसास हुआ। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 66 डी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### दो दिन में तीन लोगों से 44 लाख 50 हजार की ठगी

दो दिन के भीतर सकरी, कोतवाली थाने में तीन प्रकरणों में तीन लोगों से शेयर ट्रेडिंग व ई चालान के नाम पर 44 लाख 50 हजार रुपए की आनलाइन ठगी की गई है। इसके पूर्व पिछले माह कई लोगों से करोड़ों रुपए की आनलाइन ठगी की गई है। उसके बाद भी पुलिस जालसाजों को पकड़ नहीं पा रही है।

## खबर संक्षेप

### मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा मनाने भाजपा पूर्वी मंडल की बैठक



**बिलासपुर।** भाजपा नेता पूर्व मंत्री व नगर विधायक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा मनाने भाजपा पूर्वी मंडल की बैठक आयोजित की गई। इसमें कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के विभिन्न कार्यक्रम बुथस्तर, मंडल स्तर व जिला स्तर में किया जाना है। स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, रक्तदान शिविर मोदी के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म, रंगोली स्पर्धा, मैराथन दौड़, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांगों का सम्मान कार्यक्रम करना है। भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए राजनीति नहीं करती बल्कि समाज को सेवा और समर्पण से जोड़ने का कार्य करती है। भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश लालवानी ने कहा कि हमें इस सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को घर-घर तक पहुंचना है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से आयोजित सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। योजना को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं में आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। घर-घर जाकर मोदी सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का काम करेंगे। इस अवसर पर मंडल के महामंत्री शेखर पाल, महामंत्री आशुतोष शर्मा, कार्यक्रम के मंडल प्रभारी विकास सलूजा, प्रवीण सेन, पार्षद मोती गंगवानी, दिनेश देवांगन, सुब्रत दत्ता, कृष्ण रजक, भुवनेश्वर कश्यप, विक्की रजक, पूनम सिंह, निर्मल जीवनानी, नितिन छाबड़ा, शैलेंद्र बाजपेई, देवाशीष दत्त, लोकेश्वरी राठौर, मोनू भाटिया, ओम कांत तिवारी, अजीत मोटवानी, बसंत पटेल, राजेश सूर्यवंशी, रवि घोष, पिंकी इंगोले, चंदन यादव, सुष्मिता घोष आदि मौजूद थे।

### ट्रेड यूनियन कौसिल ने नेपाल में चल रहे हिंसक आंदोलन पर की चर्चा



**बिलासपुर।** ट्रेड यूनियन कौसिल की बैठक 10 सितंबर को कर्मचारी भवन डबरी पारा में आयोजित की गई। बैठक में विस्तारवादी नीति के चलते भड़की युद्ध के उन्माद पर चर्चा की गई। साथ ही साथ इसका सीधा असर मेहनतकश वर्ग एवं आम जनों पर पड़ने पर चिंता व्यक्त की गई। मोदी सरकार द्वारा लगातार सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों पर किए जा रहे हमलों पर चिंतन किया गया और इसके प्रतिरोध स्वरुप 9 जुलाई 2025 की हड़ताल में मेहनतकशों की अभूतपूर्व सहभागिता के लिए बधाई दी गई। किशोर शर्मा को छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष चुने जाने पर उनका सम्मान किया गया। मेहनतकश वर्ग पर वर्तमान बढ़ते हमलों के बीच ट्रेड यूनियन के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर चिंतन किया गया। नेपाल में चल रहे हिंसक आंदोलन पर चर्चा की गई। ट्रेड यूनियन नेता कामरेड विश्वनाथ सान्याल के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में पी आर यादव, शैलेंद्र गोवर्धन, रवि बैनर्जी, महेश श्रीवास, अरविंद पांडेय, अशोक सिंह छत्री, किशोर शर्मा, राजेश शर्मा, राजेश्वर वस्त्रकार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रेड कौसिल के अध्यक्ष पी आर यादव एवं संचालन राजेश शर्मा ने की।

### शहर के डी वासुदेव थल सेना में लेफ्टिनेंट बने

**बिलासपुर।** अन्नपूर्णा कॉलोनी गणेश नगर निवासी डी. वासुदेव का चयन भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है। वासुदेव ने जालंधर से एसएसबी में चयनित होने के पश्चात ओटीए गया बिहार में 11 महीने की ट्रेनिंग ली तथा 6 सितंबर 2025 को गया में पासिंग आऊट परेड में अपनी भागीदारी देकर बिलासपुर व छत्तीसगढ़ का नाम गौरांवित किया। वासुदेव ने 12वीं तक की पढ़ाई बिलासपुर के केंद्रीय विद्यालय से की। उसके बाद उन्होंने शंकराचार्य विश्वविद्यालय भिलाई से मैकेनिकल इंजीनियरिंग किया। वे रेलवे कर्मचारी डी.रामकृष्ण शर्मा और डी सूर्याप्रभा वासुदेव के सुपुत्र हैं। उनकी बहन सरला सॉफ्टवेयर इंजीनियर है।



### चेबर सदस्यों ने पीएम और वित्त मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया



**बिलासपुर।** छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मिडिया प्रमुख राम सुखीजा ने बताया कि चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चेम्बर प्रतिनिधि मंडल के सदस्य संतोष जैन, तिलोक बरड़िया, वासुदेव जोटवानी, जसप्रीत सलूजा, शांतिलाल बरड़िया ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य भेंट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के ऐतिहासिक निर्णय द्वितीय जनरेशन जीएसटी 2.0 के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और प्रधानमंत्री के नाम आभार-पत्र सौंपा। चेम्बर अध्यक्ष श्री थौरानी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और दूरदर्शिता में भारत आज विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है और द्वितीय जनरेशन जीएसटी का यह निर्णय कर प्रणाली को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं संतुलित बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह सुधार देश के 140 करोड़ नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाएगा। व्यापारियों व उद्योगपतियों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए राहतकारी साबित होगा। श्री थौरानी ने कहा कि इस निर्णय से उत्पादन लागत में कमी आएगी, व्यापार जगत के लिए प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण और अधिक अनुकूल होगा। भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। यह सुधार विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी नेतृत्व में भारत की कर प्रणाली निरंतर और अधिक सरल व प्रगतिशील बनेगी। भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को पूरा करने में सहयोग करेगी।

**जोन में उसलापुर पहला स्टेशन** यात्री मोबाइल ऐप के जरिए आटो या बाइक टैक्सी की बुकिंग कर सकेंगे

# उसलापुर स्टेशन में यात्रियों को मिलेगी रैपिडो की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दपूमरे रेलवे के बिलासपुर डिवीजन के सब स्टेशन के रूप में विकसित किए जा रहे आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर के यात्रियों को अब रैपिडो की सुविधा मिलेगा, जिसमें यात्री मोबाइल ऐप के जरिए आसानी से आटो या बाइक टैक्सी की बुकिंग कर सकेंगे। इसके लिए यात्रियों को ज्यादा किराया भी नहीं देना पड़ेगा और उनकी परेशानी भी दूर होगी।

पिछले कुछ वर्षों से रेल प्रशासन के अफसरों का पूरा ध्यान उसलापुर आदर्श स्टेशन को विकसित करने में है। आदर्श रेलवे स्टेशन को यात्रियों की सुविधा के अनुसार डेवलप करने का कार्य भी किया जा रहा है। इस स्टेशन में गोंदिया, दुर्ग, रायपुर के अलावा बिलासपुर से कटनी, प्रयागराज, उत्तर भारत, दिल्ली, जम्मू सहित अन्य मेट्रो स्टेशन की ओर जाने वाली गाड़ियों का स्टापेज शुरु किए जाने के कारण यात्रियों की संख्या में भी काफी बढ़ोत्तरी हो गई है। हावड़ा-मुम्बई मेन रूट के बीच बिलासपुर रेलवे स्टेशन में यात्री ट्रेनों का दबाव कम करने के लिए भी ट्रेनों का उसलापुर स्टेशन की ओर डायवर्ट कर दिया गया है। ट्रेनों के साथ यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी के साथ ही यहां सुविधाओं में भी विस्तार करना शुरु कर दिया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उसलापुर स्टेशन को पुनर्विकास करने के अलावा स्टेशन के सामने गार्डन, नई पार्किंग व्यवस्था, एसी वेटिंग हॉल व अन्य कार्य किए गए हैं। यहां के यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी आटो चालकों से होती है। कई यात्रियों को उसलापुर स्टेशन पहुंचने के बाद बिलासपुर स्टेशन या कहीं और भी जाना होता है, जिसके लिए आटो चालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूल करते हैं। इस परेशानी को देखते हुए रेल प्रशासन ने पूरे जोन के पहले स्टेशन के रूप में उसलापुर आदर्श स्टेशन के यात्रियों को पहली राइड हेलिंग सेवा रैपिडो की सुविधा देने का काम शुरु कर दिया है। यह नई पहल यात्रियों के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती परिवहन विकल्प उपलब्ध कराने में काफी सहयोग करेगी।



### आसानी से टैक्सी आटो की बुकिंग

उसलापुर रेलवे स्टेशन में जोन की पहली राइड हेलिंग सेवा रैपिडो की शुरुआत की गई है। इस सेवा के माध्यम से यात्री कुछ ही मिनट में मोबाइल ऐप के जरिए आसानी से आटो या बाइक टैक्सी बुकिंग कर सकेंगे। इसमें यात्रियों को स्टेशन से उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाने की सुविधा, पारंपरिक आटो किराए की तुलना में बेहद सस्ता और पारदर्शी किराया, बिना लंबे इंतजार किए तत्काल वाहन उपलब्धता, जीपीएस आधारिक ट्रैकिंग और सत्यापित ड्राइवरों के साथ सुरक्षित सफर, नकद के साथ डिजिटल भुगतान की सुविधा, जिससे लेनदेन आसान होगा। इस सुविधा से यात्रियों को स्टेशन से घर तक या घर से स्टेशन तक सफर के दौरान बड़ी राहत मिलेगी। विशेषकर सुबह शाम की भीड़भाड़ में यात्रियों को समय पर गंतव्य तक पहुंचने में सहुलियत होगी।

### जोन का पहला स्टेशन उसलापुर

यात्रियों की सुविधा के लिए राइड हेलिंग सेवा रैपिडो की शुरुआत उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन में की जा रही है। यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन का पहला स्टेशन है, जहां रैपिडो की सुविधा पहली बार यात्रियों को प्राप्त होगी। यह पहल यात्रियों की सुविधा के साथ रेलवे की आय बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

पांच साल से जर्जर प्रायमरी स्कूल भवन में संचालित हो रहा कालेज

# जमीन मिली, फंड स्वीकृत, फिर भी शुरू नहीं हुआ सकरी कालेज भवन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में शामिल सकरी में गवर्नमेंट कालेज खुले पांच साल हो गए हैं। कालेज के लिए जमीन मिल गई है और शासन से फंड स्वीकृत हुए दो साल हो गए हैं, लेकिन फंड स्वीकृति के बाद भी कालेज भवन का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। रिवाइज्ड इस्टीमेट के चक्कर में कालेज का भवन नहीं बन पा रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रायमरी स्कूल के जर्जर भवन में कालेज संचालित हो रहा है, जहां किस तरह की कोई सुविधा नहीं है।

सकरी में गवर्नमेंट कालेज खुले पांच वर्ष हो गए हैं और प्रायमरी स्कूल के भवन में यह कालेज संचालित हो रहा है। सकरी गवर्नमेंट कालेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों सहित वहां के प्राध्यापकों को भी कालेज के स्वयं के भवन बनने का इंतजार है, क्योंकि पिछले तीन साल से यह नवीन कालेज सकरी के प्रायमरी स्कूल भवन में संचालित हो रहा है, जहां एक तरफ के कमरों में प्रायमरी स्कूल के बच्चे पढ़ते हैं, वहीं दूसरे तरफ के क्लास रूम में कालेज के विद्यार्थी पढ़ते हैं। जगह की कमी के साथ-साथ प्रायमरी स्कूल के बच्चों की शोरगुल से लेकर कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सकरी गवर्नमेंट कालेज के लिए अगस्त 2023 में नाबार्ड पोषित योजना तहत 4 करोड़ 65 लाख 84 हजार राशि की घोषणा हुई थी बाद में राज्य बजट से उक्त राशि की स्वीकृति मिली थी। फंड स्वीकृत होने के बाद टेंडर आदि की प्रक्रिया समय पर नहीं हो पाई, जिससे विलंब हुआ और पीडब्लूडी की ओर से रिवाइज्ड इस्टीमेट लगभग 5 करोड़ 54 लाख राशि का शासन को भेजा गया था। रिवाईज्ड इस्टीमेट की स्वीकृति अभी नहीं मिली, किन्तु शासन ने पूर्व में स्वीकृत फंड से काम शुरू कराने कहा है। इस तरह से रिवाईज्ड इस्टीमेट के चक्कर में अभी तक सकरी गवर्नमेंट कालेज के भवन का निर्माण चालू नहीं हो पाया है।



### जीर्ण-शीर्ण कमरों में चल रही क्लास

वर्तमान में सकरी गवर्नमेंट कालेज शासकीय प्रायमरी स्कूल भवन में संचालित हो रहा है, जहां पर मिडिल स्कूल व कालेज दोनों ही आधा-आधा हिस्सा में लग रहा है। सकरी कालेज में बीए, बीएससी, बीकाम तीनों संकाय खोले गए हैं और तीनों संकायों की कक्षाएं लगती हैं, जिससे छात्र-छात्राओं को बैठने में अव्यवस्था होती है। एक कमरे में स्कूल की कक्षा चलती है और बगल के दूसरे कमरे में कालेज के छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। यहां पर काफी पुराना भवन है, जिसमें कमरे जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है।

### भवन के लिए मिली है पांच एकड़ भूमि

सकरी गवर्नमेंट कालेज के भवन के लिए सकरी में ही खसरा नंबर 613/1/क, कुल रकबा 9.900 हेक्टेयर में से 5 एकड़ भूमि निस्तार मद से पृथक करते हुए आबंटित कर दी गई है। राज्य शासन द्वारा सकरी में नवीन गवर्नमेंट कालेज सत्र 2021 में खोला गया था और उसके बाद से कालेज प्रबंधन द्वारा जमीन की मांग की जा रही थी। सकरी हाईस्कूल के पीछे शासकीय जमीन को कालेज के लिए आबंटित किया गया है, जहां पर कालेज का नया भवन बनेगा।

### होने वाला है टेंडर

सकरी गवर्नमेंट कालेज के भवन के लिए करीब पांच एकड़ जमीन हाईस्कूल के पीछे आबंटित हुई है। शासन से नए कालेज भवन निर्माण के लिए राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। कालेज भवन निर्माण के लिए आगे पीडब्लूडी के माध्यम से टेंडर की प्रक्रिया होने वाली है।

**-डॉ. रूबी मलहोत्रा** प्राचार्य, गवर्नमेंट कालेज सकरी

पेण्ड्रारोड से बिलासपुर का सफर

# भैंसा गाड़ी बन जाती हैं एक्सप्रेस ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीआर के बिलासपुर डिवीजन अंतर्गत कटनी सीआईसी सेक्शन में पेण्ड्रारोड से कटनी मुरवारा तक तीसरी लाइन का काम पूरा कर दिया गया है, जिसके उपरांत अब बिलासपुर से पेण्ड्रारोड तीसरी लाइन का काम किया जाना है। इस कार्य के लिए रेलवे बोर्ड ने 2 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है, जिसकी शुरुआत अब तक नहीं हो सकी है। इसके कारण पेण्ड्रारोड से बिलासपुर तक पहुंचने में एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों की रफ्तार भैंसागाड़ी की तरह होने से यात्री हलाकान होते हैं।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी महत्वपूर्ण शहरों को रेल मार्ग द्वारा उत्तर भारत से जोड़ने वाली बिलासपुर-कटनी मार्ग पर तीसरी लाइन का कार्य क्षमता आवर्धन के दृष्टिगत किया गया। इसमें मध्यप्रदेश राज्य में रेल नेटवर्क को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से अनूपपुर से कटनी तीसरी लाइन परियोजना को 2311.02 करोड़ रुपए की लागत लगाकर 165.52 किलोमीटर का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में अब इस सेक्शन में पेण्ड्रारोड से कटनी तक तीसरी लाइन पूरी हो गई है। पिछले कई वर्षों से लाइन का निर्माण कार्य और स्टेशनों से जोड़ने की वजह से यात्री ट्रेनों को भी रद्द किया गया था। नई तीसरी रेल लाइन के बनने से यात्रियों के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की सुविधा उपलब्ध होगी। कटनी सेक्शन के बीच बनाई गई तीसरी लाइन के अलावा इलेक्ट्रिफिकेशन व अन्य कार्य किए गए हैं। 2311.02 करोड़ रुपए की लागत से 165.52 किलोमीटर तक बनाई गई तीसरी लाइन को 17 स्टेशन से जोड़ा गया है, जिसमें 1 जंक्शन स्टेशन अनूपपुर और दो यात्री हॉल्ट सिंहपुर और विलायतकला है। इसमें 27 बड़े पुल और 108 छोटे पुल निर्माण किए गए हैं। इसके अतिरिक्त एक रेलवे ओवरब्रिज और 16 अंडरब्रिज का भी निर्माण किया गया है। पेण्ड्रारोड से कटनी मुड़वारा तक तीसरी लाइन बनने के बाद ट्रेनों के परिचालन में कुछ सुधार तो आया है, लेकिन वर्तमान में बिलासपुर से पेण्ड्रारोड स्टेशन के बीच में ट्रेनों के आवागमन की समय-सारिणी बिगड़ी हुई है। इन दोनों स्टेशन के बीच अभी भी दोहरी लाइन पर गाड़ियां चल रही है, जिसमें मालगाड़ियों को चलाने के लिए यात्री ट्रेनों को कहीं भी किसी भी जगह घंटो नियंत्रित करना पड़ रहा है। यात्रियों को होने वाली परेशानी और ट्रेनों के समय पर परिचालन करने को लेकर अब बिलासपुर से पेण्ड्रारोड स्टेशन के बीच तीसरी लाइन का कार्य भी संक्शन हो गया है, जिसकी लागत करीब 2 हजार करोड़ रुपए है। इस कार्य की शुरुआत नहीं होने की वजह से केवल दो लाइन पर ही गाड़ियों का परिचालन हो रहा है।



### समय में किया जाएगा सुधार

बिलासपुर से पेण्ड्रारोड के बीच वर्तमान में दो लाइन है, जिसमें तीसरी लाइन का कार्य भी किया जाना है। इसके अलावा दोनों स्टेशन के बीच घंटो लेट पहुंचने वाली यात्री ट्रेनों के संबंध में संबंधित विभाग से जानकारी लेकर समय में सुधार किया जाएगा, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# महिला आयोग ने दैनिक महिला कर्मी को दिलाया 10 साल पुराना बकाया वेतन

**बिलासपुर।** महिला आयोग ने महिला उत्पीड़न संबंधी 25 प्रकरणों पर जनसुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की यह प्रदेश स्तर पर 342 वीं एवं बिलासपुर जिले में 20 वीं सुनवाई हुई थी।

महिला आयोग की सुनवाई दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसको 10 वर्ष पुराना 31 माह का वेतन 1 लाख 75 हजार रुपए में 1 लाख 70 हजार मूलधन रूपए, 4500 ब्याज की राशि जोड़कर कुल 1 लाख 75 हजार रुपए आवेदिका को प्राप्त हो गया है। संयुक्त आयुक्त सहकारिता बिलासपुर संभाग द्वारा प्रेषित पत्र का विस्तृत विवरण अनुसार नागरिक कार्मिशियल सहकारी बैंक गोलबाजार बिलासपुर के परिसमापक आरके गुप्ता अंकेक्षण अधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि बैंक में दैनिक वेतनभोगी महिला ज्योति उर्फ बसती श्रीवास को दैनिक मजदूरी भुगतान लंबित राशि 1 लाख 70 हजार 500 रुपए महिला आयोग द्वारा भुगतान करने का आदेश दिया गया है। महिला आयोग छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेशानुसार उक्त महिला दैनिक वेतनभोगी को लबित 2 वर्ष 7 माह का 5600 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल भुगतान राशि 1 लाख 70 हजार 500 रुपए तथा ब्याज की राशि 4500 रुपए भुगतान किया गया। इसके बाद आयोग ने प्रकरण को नस्तीबद्ध किया। एक अन्य प्रकरण में उभयपक्षों को आयोग के अधिवक्ता और जिला विधिक के अधिवक्ताओं द्वारा विस्तृत समझाइश दी गई, जिसके बाद आवेदिका पक्ष ने कहा कि घर परिवार से सलाह करना चाहती है, जिसके लिए उन्हें समय दिया गया। इस प्रकरण में दोनों पक्षों में सुलह करने के लिए सखी वन स्टॉप सेन्टर बिलासपुर को एक वर्ष तक निगरानी कर आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने अनावेदक के खिलाफ कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। प्रकरण में विभाग द्वारा जांच किया गया, जिसमें अनावेदक का एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोका गया था। अनावेदक ने बताया कि यह सेवानिवृत्त हो चुके है एवं राज्यपाल के पास प्रकरण की अपील लंबित है। शासन स्तर पर प्रकरण लंबित होने के कारण नस्तीबद्ध किया गया।



### बीटीआई को डायट के रूप में लागू करने विधायक से मिला प्रतिनिधिमंडल

**बिलासपुर।** बुनियादी शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बीटीआई बिलासपुर को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के रूप में उन्नयन करने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी छत्तीसगढ़ रायपुर ने शासन को प्रस्ताव भेजा था। जिसे विधानसभा में पारित कर दिया गया। इसके पश्चात राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद रायपुर ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन को संस्था के विधिवत संचालन करने के लिए पद संरचना का प्रस्ताव वित्त विभाग के समक्ष प्रस्तुत किया है। उक्त प्रस्ताव की स्वीकृति में विलंब होते देख छग शिक्षक संघ जिला बिलासपुर इकाई ने विधायक बिलासपुर अमर अग्रवाल एवं विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला से मिलकर उन्हें स्थिति से अवगत कराया। उनसे जल्द से जल्द शिक्षा विभाग, वित्त विभाग से स्वीकृति लेकर स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आदेश प्रसारित करने का अनुरोध किया गया। संघ ने बताया कि बीटीआई बिलासपुर को डायट के रूप में प्रारंभ होने से विभिन्न तरह के क्रियाकलापो, प्रशिक्षण के लिए बिलासपुर एवं मुंगेली जिले के शिक्षक गौरेला, पेंड्रा, मरवाही जाने की परेशानी से बचेंगे। विधायक अमर अग्रवाल एवं बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि जल्द संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जल्द आदेश जारी कराया जाएगा। प्रतिनिधि मण्डल में डॉ अशोक कुमार गुप्ता, राजेंद्र श्रीवास, संतोष तिवारी, अनिल गौरहा, शिवकुमार श्रीवास, दिलीप शर्मा, रोहित भांगे, सुरेंद्र दुबे आदि मौजूद थे।

संभाग का पहला टीजेआर और ऑर्थो-ग्नेथिक सर्जरी, लाखों का ऑपरेशन निःशुल्क

# सिम्स के डाक्टरों ने किया चेहरे के टेढ़ेपन का सफल इलाज

**बिलासपुर।** संभाग का पहला टीजेआर और ऑर्थो-ग्नेथिकसर्जरी चेहरे के टेढ़ेपन का सफल इलाज सिम्स के दंत चिकित्सा विभाग द्वारा किया गया। डाक्टरों ने बताया कि मरीज नीता कुमारी (बदला हुआ नाम ) उम्र 20 वर्ष का दाएं जबड़े में चोट के कारण 10 वर्ष पहले अविकसित रह गया था। मुँह खुलना भी बंद हो गया और खाने पीने की परेशानी लेकर आई। नीचे-ऊपर का जबड़ा टेढ़ा होता चला गया और दाँतों का विन्यास भी बिगड़ गया। चेहरा असंतुलित होने के कारण मरीज हीन भावना से ग्रसित थी। घर से बाहर निकलना भी बंद कर दी थी।

मरीज अपनी परेशानी का हल निकालने और इलाज के लिए रायपुर के बड़े अस्पताल तथा अन्य बड़े अस्पताल भी गई। परन्तु इलाज में अत्यधिक खर्च से परेशान होकर सिम्स के दन्त चिकित्सा विभाग पहुंची। जहां पर इसका सम्पूर्ण जांच कराने के बाद डायग्नोसिस राइट टी एम जॉइंट एन्काइलोसिस एंड फेसिअल एसीमेट्री बनाई गई। मई 2023 को राइट टी एम जॉइंट एन्काइलोसिसका इलाज डिस्ट्रक्शन ओस्टोजेनेसिस (चाबी) द्वारा की गई। जिससे दाएं जबड़े की लम्बाई बढ़ाई गई। जिसमे 6 माह का समय लगा। फरवरी 2024 को दूसरा ऑपरेशन करके डिस्ट्रक्शन ओस्टोजेनेसिस (चाबी)को निकाल दिया गया। फिर अक्टूबर 2024 को तीसरा ऑपरेशन राइट टी एम जॉइंट एन्काइलोसिस को खोलकर आर्टिफीसियल कस्टमाइज़्ड टी एम जॉइंट रिकंस्ट्रक्शन किया गया। फिर फेसिअल एसीमेट्री के लिए ऑर्थोग्नेथिक सर्जरी की गई। जिसमे मरीज के ऊपर- नीचे के जबड़े को काटकर सीधा कर चेहरा सुधारा गया। छत्तीसगढ़प्रदेश के सभी मेडिकल और डेंटल कॉलेज का यह पहला ऐसा ऑपरेशन जिसमे राइट टी एम जॉइंट एन्काइलोसिस कर आर्टिफीसियल कस्टमाइज़्ड टी एम जॉइंट रिकंस्ट्रक्शन एवं फेसिअल एसीमेट्री के लिए ऑर्थोग्नेथिक सर्जरी एक साथ किया गया। दन्त चिकित्सा विभाग के डॉ भूपेंद्र कश्यप के मार्गदर्शन में विभागाध्यक्ष एवं सर्जन डॉ. संदीप प्रकाश एवं उनके टीम में शामिल डॉ. जंडेल सिंह ठाकुर, डॉ. केतकी कीनीकर, डॉ. हेमलता राजमणि, डॉ. प्रकाश खरे, डॉ. सोनल पटेल, वार्ड-बॉय ओमकारनाथ , लैब-अटेंडेंट उमेश साहू, डॉ. अर्चना सिंह , डॉ अमन, डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. भावना रायजादा, डॉ. मिल्टन , डॉ सुरभि आदि का सहयोग रहा। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति एवं संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ.लखन सिंह के दिशा-निर्देश एवं डॉ. भूपेंद्र कश्यप के मार्गदर्शन में ऐसे गरीब मरीजों का आयुष्मान कार्ड से निरंतर निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराई जा रही है।





## बिजनेस प्लस

### बिरला स्कूल मोपका में मना हिंदी दिवस



**बिलासपुर।** बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल मोपका में हिंदी दिवस मनाया गया। हिंदी पखवाड़ा के शुभ अवसर पर विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया।

शाला की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ रेशु जैन ने छात्रों को हमारी हिन्दी भाषा को गौरव और सांस्कृतिक पहचान का माध्यम बताया। यह पर्व न केवल हिंदी के महत्व को याद दिलाता है, बल्कि हमें अपनी मातृभाषा के प्रति प्रेम, सम्मान और गर्व से भी जोड़ता है। उन्होंने कहा कि हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताएँ, विचार-विमर्श और रचनात्मक कार्यक्रम हमारे भीतर भाषा के प्रति नए उत्साह और रोचकता का संचार करते हैं। हिंदी पखवाड़ा हमारी मातृभाषा का महापर्व है, जो हमें हिंदी से जोड़कर राष्ट्रीय एकता का संदेश देता है। इस अवसर पर शाला की प्रधानाचार्या सुतेपा सरकार एवं उप प्रधानाचार्य पारितोष छत्री और समस्त शाला परिवार उपस्थित रहा।

### पूज्य सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ पूज्य सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई है। रायपुर कार्यालय पहुंचे चकरभाठा पूज्य सिंधी पंचयात के पदाधिकारी, समाज के प्रकाश जैसवानी, विजय वर्मा, पूर्व पार्षद अनिल वलेचा, उपाध्यक्ष राजकुमार गंगवानी, बल्लू अडवाणी, अजय कलवानी, श्याम वासवानी सहित प्रदेश से के अन्य शहरों से आए समाज के लोगों ने बधाई दी।





धर्मक्षेत्र

## सुकदेव आगमन एवं भक्ति ज्ञान व वैराग्य की कथा



**बिलासपुर।** नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति एवं महिला प्रकोष्ठ के द्वारा 17 सितम्बर तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, इस आयोजन के यजमान जगदीश त्रिवेदी ' श्वेता पाण्डेय एवं आंकाक्षा मिश्रा व ज्योत्सना मिश्रा है। कथा के प्रथम दिन कथा वाचक पंडित संकल्प शुक्ला ने सुकदेव आगमन एवं भक्ति ज्ञान व वैराग्य का किस प्रकार प्रार्दुभाव हुआ एवं श्रीमद भागवत महात्म्य की कथा बड़े सरल शब्दो में सभी श्रोता गणो को श्रवण कराया।भागवतकथा में यजमानों के साथ समाज के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित, उपाध्यक्ष मनोज शुक्ला, सचिव राजेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रभात मिश्रा, संरक्षक राम प्रसाद शुक्ला, शिवा मिश्रा, गोपाल मिश्रा, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, राजन दीक्षित, विनोद तिवारी, राजीव अवस्थी, आदित्य दुबे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

स्पर्धा

## व्यंजन स्पर्धा में रीना, मंजू सिमरन, पुष्पा रही प्रथम



**बिलासपुर।** लायंस क्लब सम्मान ने पूजा पार्क अपार्टमेंट में व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें अपार्टमेंट की 20 महिलाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें रीना एलानी, मंजू, सिमरन, पुष्पा कोडवानी ने प्रथम, मधु एलानी, नेहा कुमारी, रिद्धि झा, स्नेहा कोडवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डाइटिशियन दीक्षा शुक्ला एवं सहायक प्राध्यापक अनुश्री पाण्डेय निर्णायक की भूमिका में रही। इस मौके पर अध्यक्ष अनिता झा, भगवती यादव, संगीता तिवारी, प्रतिभा पांडेय, सुमन शुक्ला, गुंजन की उपस्थिति रही।

- पूजा पार्क अपार्टमेंट में लायंस क्लब सम्मान का आयोजन

आयोजन

## लायंस क्लब ने वृध्दाश्रम में कराया भोजन



**बिलासपुर।** लायंस क्लब गोल्ड द्वारा वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों को भोजन कराया गया, सेवा ही धर्म को मानते हुए वृद्ध जनों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई, अध्यक्ष प्रियंका जैन ने कहा कि उनकी मुस्कान और आशीर्वाद ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। इस कार्य को सफल बनाने में लायन रीता बरसैया,लायन चुन्नी मौर्य,सोनाली तिवारी व रेखा असाटी की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम

## लड्डू गोपाल की पोशाक की लगाई गई प्रदर्शनी



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन ने एक मीटिंग आयोजित कर सितंबर माह के सदस्यों का जन्मदिन मनाया। पीले परिधानों में सदस्यों ने सहभागिता निभाई। इस दौरान भगवान लड्डू गोपाल के पोशाक की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम के आरंभ में स्व. शैल श्रीवास्तव को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। फिर ध्वज वंदन के साथ सभा प्रारंभ की घोषणा कर प्रशासनिक एवं सेवा गतिविधियों की जानकारी दी गई। 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह के अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों पर चर्चा की गई। शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत शिक्षक उषा तिवारी, सावित्री मिश्रा व नंदिनी तिवारी का सम्मान किया गया। महिला स्वालंबन के तहत मनीषा शुक्ला द्वारा लगाए गए भगवान की पोषाक, आसन, सिंहासन, तोरण एवं कपड़े के बैग आदि अनेक स्वनिर्मित वस्तुओं के स्टॉल का सभी ने अवलोकन कर खरीदारी की। मनी जायसवाल व ममता वर्मा ने विभिन्न मनोरंजक गेम खिलाया। जन्मदिन उत्सव के अंतर्गत हेमलता अग्रवाल का 75 वां जन्मदिन मनाया गया। अन्य लोगों में अध्यक्ष आरती साहू, कोषाध्यक्ष रचना ताम्रकार, पूर्व अध्यक्ष उषा तिवारी, सक्रिय सदस्य आशा पांडेय, सुचित्रा साव, अंजिता उपाध्याय, सतिंदर कौर चतरथ, मनी जायसवाल शामिल रहीं।

- मिडटाउन ने मनाया सितंबर माह के सदस्यों का जन्मदिन







# गणेश मंदिरों में सिद्धि विनायक की पूजा कर किया अभिषेक

### संकष्टी चतुर्थी पर बप्पा का हुआ फूलों से विशेष श्रृंगार, बांटा गया प्रसाद

**बिलासपुर।** हर महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी व्रत किया जाता है। हर महीने की संकष्टी चतुर्थी का एक विशेष नाम होता है। आश्विन मास की संकष्टी चतुर्थी को विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी कहते हैं। इस व्रत में भगवान श्रीगणेश की पूजा की जाती है और रात को चंद्रमा की पूजा करने के बाद ही ये व्रत पूर्ण होता है।

संकष्टी चतुर्थी पर शहर के गणेश मंदिरों में सिद्धि विनायक भगवान की विशेष पूजा कर अभिषेक किया गया। पूजा, अभिषेक करने श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही। सभी ने भगवान गणेश से जीवन में आने वाले संकटों को दूर करने प्रार्थना की।

### व्रत रखने से आती है सुख-समृद्धि

विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी के व्रती पूजा से जुड़े नियमों का पालन करते हुए व्रत रखते हैं। सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि के बाद भगवान गणेश की पूजा करते हैं। नियमों का पालन करते हुए दिन भर व्रत रखते हैं। संकष्टी चतुर्थी का व्रत-पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी तिथि भगवान गणेश की कृपा प्राप्ति के लिए बहुत ही उत्तम मानी गई है। ज्योतिषियों के अनुसार इस पूजा के दौरान गणेश स्तुति व गणेश स्तोत्र का पाठ कर गणेश भगवान की कृपा प्राप्त किया जा सकता है।

### 665 भक्तों ने कराया अभिषेक

राम मंदिर तिलकनगर में कुल 665 भक्तों ने संकष्टी चतुर्थी अभिषेक कराया। श्रृंगार ईशित्व बाजपेयी ने करवाया। अभिषेक, पूजन का कार्यक्रम आचार्य मधुसूदन अड़वे, उदय वारे, गजानन पेंढारकर, चिन्मय चिंचोलकर ने संपन्न कराया। प्रसाद में सामान्यतः सभी भक्तों के लिए चने की व्यवस्था की गई थी। अभिषेक हेतु रसीद कटवाने वाले भक्तों के लिए प्रसाद व्यवस्था पूर्ववत रहा। अंत में बताया गया कि आगामी संकष्टी चतुर्थी अभिषेक 10 अक्टूबर शुकवार को होगा। रेल्वे स्थित श्री सुमुख गणेश मंदिर में संकष्टी चतुर्थी की पूजा में सुबह गणपति हवन, अभिषेकम, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। इसके बाद भक्तजनों ने भगवान का दर्शन किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इसी तरह शाम को भी अभिषेकम, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। भक्तजन भगवान का दर्शन लाभ लेकर प्रसाद ग्रहण किए ।

## पूर्व अध्यक्षों का सम्मान, हुए रोचक खेल

अग्रसेन जयंती समारोह

**बिलासपुर।** अग्रसेन जयंती समारोह में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा पूर्वाध्यक्ष सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज की सबसे पूर्व ओर वर्तमान अध्यक्ष के बीच के सभी अध्यक्षों को सम्मान किया गया। जिसमें 34 पूर्वाध्यक्ष उपस्थित रहे समय पर आने वाले में सरोज हनुमान,कविता जाजोदिया,अंशु अग्रवाल रही सभी को गेम्स भी खिलाया गया, जिसके विजेता को 22 सितंबर को कूदन पैलेस में सम्मान दिया जाएगा। गेम्स की विजेता रंजू सुल्तानिया,नूतन खेडिया,गायत्री खेडिया,अनीता अशोक अग्रवाल रही। इस कार्यक्रम की आयोजिकाएं सुनीता प्रवीण,अन्नू सिंघानिया,स्वीटी विमलेश,शिल्पी जिंदल,कृतिका,शारदा हरीश,विनीता झांझरिया,सुमन आनंद,संगीता शैलेश,सरिता मुकेश,ममता नलिन,अंशु अग्रवाल रही। इस क्रम में महिलाओं के लिए क्वाईन सजाओ प्रतियोगिता आयोजित किया गया, इसमें 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया इस कार्यक्रम की आयोजिकाएं प्रीति अंकुर, रूपल निशानियां,प्रियंका कपिल,चेतना निशानियां , नेहा रजत ,कनिका रजत,नूपुर यशवंत,निशा विवेक,प्रीति चंदन,आरती चौधरी,पायल चंदन,मोनू जगमोहन रही।



## शिक्षित नारी परिवार और समाज की उन्नति की आधारशिला

शासकीय माता शबरी नवीन गर्ल्स पीजी कॉलेज में राज्य के रजत महोत्सव के अवसर पर विकसित 2047" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया।



**बिलासपुर।** कार्यक्रम महाविद्यालय प्रांगण में उत्साह, ज्ञानवर्धन और संवाद से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर निगम की महापौर पूजा विधानी रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष रूपाली अनिल गुप्ता तथा प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार व चिंतक डॉ. देवधर महंत उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ कीर्ति कुमार भंडारी ने की। मुख्य अतिथि पूजा विधानी ने कहा कि जब एक छात्रा पढ़ाई करती है तो उसका प्रभाव केवल एक परिवार पर नहीं, बल्कि पूरे समाज पर पड़ता है। शिक्षित नारी परिवार और समाज की उन्नति की आधारशिला है। युवा पीढ़ी ही भारत और छत्तीसगढ़ के भविष्य की निर्माता है। छत्तीसगढ़ तीव्र गति से प्रगति पथ पर अग्रसर है और आने वाले वर्षों में यह देश का अग्रणी राज्य बनेगा। रूपाली गुप्ता ने कहा कि "राज्य की प्रगति के साथ शिक्षा का स्तर भी तेजी से उन्नत हो रहा है। आज छात्राएँ हर क्षेत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी से समाज को नई दिशा दे रही हैं। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ देवधर महंत ने कहा कि "मैं छत्तीसगढ़ के गठन का प्रत्यक्ष साक्षी हूँ। यह राज्य अपार संभावनाओं की भूमि है। यहाँ की प्रतिभाएँ, मेहनत और सांस्कृतिक गहराई इसे आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाएँगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ बेला महंत ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ शोभा महेश्वर द्वारा किया गया। इस सेमिनार को सफल बनाने में महाविद्यालय की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति, प्राध्यापकगण, सहायक कर्मचारी, छात्राएँ एवं संपूर्ण महाविद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

### शिक्षा-नवाचार को अपनाएं

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ कीर्ति कुमार भंडारी ने कहा कि "विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने में युवाओं की केंद्रीय भूमिका है। छात्र-छात्राएँ यदि शिक्षा, नवाचार और दृढ़ संकल्प को जीवन में अपनाएँ तो छत्तीसगढ़ आने वाले समय में प्रगति का आदर्श मॉडल बनेगा।"

## हमारे कर्मों से कोई राह भटके तो उसके दोषी हम भी





**बिलासपुर।** इस जीवन रूपी नाटक में एक एक व्यक्ति को कई रोल मिले हुए हैं। किसी के बेटे, भाई, पिता, पति या बेटी, बहन, माँ, पत्नी आदि। इन भूमिकाओं को हमें अच्छे से अच्छी तरह से अदा करना है। हमारे कर्म प्रेरणा देने वाले हों। यदि हमारे कर्म से कोई राह भटकता है तो उसका दोष हमारा भी है।

उक्त बातें शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर में चल रहे श्रीमदभगवदगीता की राह, वाह जिंदगी वाह शिविर के चौथे दिन ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने कही। दीदी ने तीसरे और चौथे अध्याय की विवेचना करते हुए कहा कि कर्म में योग को शामिल करना है, कर्म सन्यासी नहीं, कर्मयोगी बनना है। हमारी त्याग तपस्या से समाज की आध्यात्मिक उन्नति हो। योगी के लिए न ही अत्यधिक भोजन व नींद उपयोगी है न ही आवश्यकता से कम। दीदी ने योग की विधि बताते हुए कहा कि सबसे पहले तो जिस स्थिति में हम अधिक समय तक बैठ सकें वह स्थिति चुनना चाहिए। यदि घुटनों आदि में तकलीफ है तो कुर्सी पर ध्यान मुद्रा में बैठकर भी ध्यान किया जा सकता है। सबसे उपयुक्त तो सुखासन, पदमासन या अर्ध पदमासन की स्थिति है। दीदी ने कहा कि गीता ज्ञान को अपनाने के लिए गृहस्थ धर्म का त्याग करने की जरूरत नहीं है। भगवान ने तो केवल विकारों का त्याग कर कमल फूल के समान जीवन जीने की प्रेरणा दी है। लक्ष्मी नारायण को अपना आदर्श बनाएं। वे भी गृहस्थी थे लेकिन आज के समय में गृहस्थ आश्रम नहीं रह गया इसलिए अलग से आश्रम जाने की जरूरत पड़ती है।

स्पोर्ट्स न्यूज

## संभाग स्तरीय एथलेटिक्स में ललित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



**बिलासपुर।** बहतराई स्टेडियम में संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पौंसरी के छात्र ललित खरवार ने भाला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसमें संभाग के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। ललित ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी शाला का नाम गौरांवित किया। ललित ने इस उपलब्धि को शाला की व्यायाम शिक्षिका उषा किरण सिवने के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्राप्त किया। शाला परिवार की ओर से प्राचार्य कावेरी वर्मा एवं समस्त स्टाफ वीनस सी भूषण, मनोज बखला डॉ शीला शर्मा, मेघा सोनटेके, राधा शर्मा, पुनीता जायसवाल, स्वाति पाटिल,सत्या प्रभा किरण तोपो एवं रूद्र नारायण सोनी ने बधाई दी है।



## राज्य स्तरीय ताइक्वाण्डो में जयप्रकाश को मिला गोल्ड मेडल

**बिलासपुर।** गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वाण्डो में मन्नाडोल तिफरा स्कूल के छात्र जयप्रकाश टण्डन ने अपने प्रतिद्वंदी को अंकों के आधार पर पराजित कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। जयप्रकाश खेल के साथ ही पढ़ाई में भी प्रतिभावान है। वे अपने आसपास के बच्चों को ताइक्वाण्डो का प्रशिक्षण भी देता है। विद्यालय समिति के सचिव राजेन्द्र मौर्य, प्राचार्या रजनी मौर्य एवं विद्यालय के शिक्षकों ने उनके इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## हमारी हिंदी
**मोनिका शर्मा**

बच्चो, हिंदी केवल एक भाषा भर नहीं है। इससे हमारे देश का मान भी जुड़ा है। साथ ही हम सब नागरिकों का सम्मान भी हमारी इस भाषा से ही जुड़ा है। असल में हिंदी हमारे देश की आधिकारिक भाषा है। हिंदी भाषा को 14 सितंबर 1949 को आधिकारिक भाषा बनाया गया। इस दिन हमारे देश की सरकार ने हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। देश के नागरिकों ने भी अपनी प्यारी भाषा को दिल में जगह दी, मन से मान दिया। इसीलिए इस दिन को हम हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं।




भाषा राष्ट्र का गौरव होती है, यह लोगों को आपस में जोड़ती है, देश को मजबूत बनाने में सहायक होती है। हमारी हिंदी भाषा, देश क्या, विदेशों में भी पढ़ी और बोली जाती है, इसका सम्मान है। हर भारतीय को हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करके इसका मान-सम्मान बढ़ाकर इसके विकास में अपना योगदान देना चाहिए।

# हिंदी अपनी भाषा से करो प्यार

### हिंदी है हमारी पहचान

दुनिया भर में हिंदी भाषा हमारी पहचान है। दुख की बात है कि फिर भी स्कूल हो या घर, हम सब हिंदी बोलने से दूरी बना रहे हैं। बच्चो, अपनी भाषा का मान-सम्मान करने का सबसे प्यारा तरीका है, हम हिंदी भाषा से जुड़े रहें। इसीलिए गर्व से हिंदी बोलो। मन से हिंदी पढ़ो। अपनी प्यारी हिंदी का दिल से सम्मान करो। बच्चो, हिंदी बहुत प्यारी और मीठी भाषा है। दुनिया की एक प्रमुख भाषा होने के बावजूद हिंदी को कमतर आंकने की सोच भी दिखती है। हिंदी बोलने वालों को पिछड़ा समझा है। अपनी भाषा में बोलने, पढ़ने या कुछ कहने-सुनने में हमें कोई हिचक नहीं होनी चाहिए। किसी भी दूसरी भाषा को सीखना-बोलना बुरा नहीं, लेकिन अपनी भाषा की अहमियत कभी नहीं भूलनी चाहिए। अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि हिंदी ना सीखी जाए। हिंदी को अंग्रेजी के मुकाबले कमतर समझा जाए। दुख की बात है, हमारी प्यारी भाषा हिंदी को लेकर यह सोच हमारे आस-पास दिखती है। इसी कारण बोल-चाल से हिंदी गायब हो रही है। बच्चो, तुम अपनी भाषा से जुड़े रहने के रास्ते पर चलो।




### टेक्निकल वर्ल्ड में बोलबाला

आजकल टेक्निकल वर्ल्ड में भी हिंदी का बोलबाला है। बहुत से मोबाइल एप हिंदी में काम करते हैं। एआई भी हिंदी भाषा में हमारे सवालों का जवाब देता है। इंटरनेट पर हिंदी भाषा में भी सब कुछ सर्च किया जा सकता है। ज्यादातर डिजिटल सिस्टम हिंदी बोलने, पढ़ने, लिखने, समझने वालों से हिसाब से बनाए जा रहे हैं। साथ ही हमारे देश के तो हर हिस्से में हिंदी जानने वाले लोग रहते हैं। 77 प्रतिशत देशवासी हिंदी पढ़-लिख बोल और समझ लेते हैं। ऐसे में कभी देश के दूसरे प्रदेश में जाने पर हिंदी भाषा में बोलना ही हमें एक-दूसरे से जोड़कर रखता है। अपनेपन का एहसास करवाता है।

### कमाल की भाषा हिंदी

बच्चो, 'अ आ इ ई' से हुई हिंदी पढ़ने की शुरुआत तो तुम्हें जरूर याद होगी। हिंदी के वर्णों की तालिका को वर्णमाला कहते हैं। एक-एक अक्षर को जोड़ बनी भाषा की इस प्यारी सी लड़ी को अक्षरों की माला भी कहा जाता है। हिंदी के अक्षर, मात्रा, शब्द और वाक्य सब कुछ कमाल के हैं। हमारी भाषा पूरी तरह से एक वैज्ञानिक भाषा है। इसे चमत्कार ही तो कहेंगे कि हिंदी का कोई भी अक्षर उलटे लिखे जाने पर भी हमें उलझन में नहीं डालता। शीशे में भी किसी अक्षर का उल्टा रिफ्लेक्शन नहीं दिखता। तुमने अपने या अपने दोस्तों के घर में कई तरह की बोलियां भी सुनी होंगी। दादा-दादी, नाना-नानी अपनी बोली में खूब बोलते हैं।



### हिंदी की हैं कई बोलियां

बच्चो, हिंदी की कई बोलियां भी हैं। अवधी, ब्रज, बुंदेलखंडी, भोजपुरी और राजस्थानी आदि बोलियां, इस सूची में शामिल हैं। तुम्हें लग रहा होगा कि इन बोलियों को तो बिल्कुल अलग ही तरह से बोला जाता है। असल में इन सभी को लिखने की लिपि एक ही है। इतना ही नहीं हिंदी जानने वाला व्यक्ति नेपाली भाषा को भी आसानी से पढ़ सकता है। बच्चो, हमारी प्यारी हिंदी ने अंग्रेजी, फारसी और अरबी जैसी भाषाओं से कुछ शब्द भी दिल खोलकर अपनाए हैं। इन भाषाओं के कई शब्दों को हिंदी में भी बोलते हैं। इतना ही नहीं डिक्शनरी ऑक्सफोर्ड में भी हिंदी के शब्द शामिल किए जा चुके हैं। इनमें योग, कर्म, खाकी, चड्डी, पायजामा, मंत्र, अन्ना, अच्छा, बापू, बड़ा दिन, सूर्य नमस्कार, नमस्ते, जुगाड़, गुरु, चटनी और स्वदेशी जैसे सैकड़ों शब्द भी शामिल हैं।

### हर ओर छाई हिंदी

प्यारे बच्चो, शब्दों की सहज मिठास और दिल को छू लेने वाले अंदाज के लिए जानी जाने वाली हमारी हिंदी समय के साथ दुनिया भर में अपनी जगह बना रही है। हिंदी में पढ़ना-लिखना या हिंदी बोलना सिर्फ हमारे देश तक ही सीमित नहीं है। भारत के अलावा, थाईलैंड, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, भूटान, पाकिस्तान, श्रीलंका और मालदीव में हिंदी अच्छे से बोली जाती है। साल 2024 तक के आंकड़े कहते हैं कि ग्लोबल लेवल पर 135 करोड़ लोग हिंदी बोलते-समझते हैं। दुनिया के 150 देशों में हिंदी बोली जाती है। विश्व स्तर पर लोग हिंदी को जानने-समझने में रुचि ले रहे हैं। दुनिया भर में 176 से ज्यादा विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जा रही है। अंग्रेजी और मंदारिन (चीनी) के बाद हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। हम दुनिया के किसी भी हिस्से में जाएं, कोई ना कोई हिंदी भाषी इंसान मिल जाता है। बच्चो, है ना यह गर्व करने की बात! *

### यूं जुड़ो हिंदी से

बच्चो, सबसे पहले तो हिंदी बोलने-पढ़ने को कोई नीची बात या कमजोरी नहीं समझो। अपनी भाषा को सम्मान देना सबसे प्यारी बात है। हिंदी को अच्छे से जानने-समझने के लिए दैनिक जीवन में हिंदी बोलो। हिंदी में लिखी किताबें पढ़ो। तुम्हारी पसंद के बहुत से कार्टून फिल्म प्रोग्राम्स अब हिंदी में भी आते हैं। इनको भी देखो। स्कूल के समारोह में हिंदी में कविता पढ़ सकते हो। अपनी डायरी, कहानी या कविता भी हिंदी में लिखना शुरू करो। जैसे अंग्रेजी का कोई शब्द समझ ना आने पर टीचर्स या घर के बड़ों से पूछते हो, हिंदी के शब्दों के अर्थ जानने में भी रुचि लो। जो दोस्त हिंदी बोलते हैं उनका मजाक कभी ना बनाओ। अपने दोस्तों के साथ हिंदी में बात करो। अपनी भाषा से एक भावनात्मक जुड़ाव बनाओ। वैसे भी अपनी भाषा में दिल की भावनाओं को जताने से सुंदर क्या हो सकता है। बच्चो, यह समझना भी जरूरी है कि हिंदी भाषा से जुड़ना तुम्हें अपनी संस्कृति से भी जोड़ता है। अंग्रेजी ना बोल पाने वाले अपने बड़े-बुजुर्गों के करीब लाता है। हमारी सुंदर, सरल और मीठी सी भाषा हिंदी को सीखने समझने के बहुत से फायदे है।



कविता / **सूर्य कुमार पांडेय**

## हिंदी दिवस मनाएं हम




हिंदी को अपनाएं हम,
हिंदी पढ़ें, पढ़ाएं हम।
बोलें और बतियाएं हम,
हिंदी दिवस मनाएं हम।

हिंदी की जयकार सुनें,
सात समंदर पार सुनें।
इसकी बोली-बानी में,
भारत की ललकार सुनें।
हिंदी जिन्हें नहीं आती,
उनको इसे सिखाएं हम।
हिंदी पढ़ें, पढ़ाएं हम।

हम करते सबसे विनती,
हिंदी की सीखें गिनती,
रटें पहाड़े हिंदी में,
कभी नहीं होगी गलती।
कितनी मीठी भाषा है,
इसके गाने गाएं हम।
हिंदी को अपनाएं हम।

कविता / **फहीम अहमद**

## प्यारी बोली हिंदी



इतनी मीठी भाषा हिंदी,
जैसे दूध-बताशा हिंदी।
आशा नई जगाती मन में
करती दूर निराशा हिंदी।

संस्कृति की रंगोली हिंदी,
है सबकी हमजोली हिंदी।
करते शब्द ठिठोली हर पल,
इतनी प्यारी बोली हिंदी।

सीधी, सरल, सुसंगत हिंदी,
हर महफिल की रंगत हिंदी।
बड़ी सुकोमल, पावन जैसे
चंदन, रोली, अक्षत हिंदी।

गीत, कहानी, कविता हिंदी,
है बहती सुर सरिता हिंदी।
है यह स्वाभिमान देश का,
गौरव और अस्मिता हिंदी।

गंगा-जमुनी धारा हिंदी,
जोड़ रही जग सारा हिंदी।
भाषाओं के अंबर पर ज्यों
चमक रहा ध्रुवतारा हिंदी।

---

तुम्हारे लिए नई किताब / **विज्ञान भूषण**

## सीख देती कहानियां

बच्चो, तुम सबको अच्छा बनने की सीख तो मम्मी-पापा, भैया-दीदी, दादा-दादी, टीचर और अड़ोस-पड़ोस के अंकल-आंटी देते ही रहते हैं। लेकिन जब ऐसी कोई सीख किसी कहानी के जरिए रोचक ढंग से मिलती है तो वो बात ज्यादा अच्छे से समझ आती है, है न! ऐसे ही रोचक ढंग से सीख देने वाली कुछ कहानियों की किताब 'पकड़ी गई चालाकी' हाल में छपकर आई है। इसमें कुल सात कहानियां हैं। शीर्षक कहानी 'पकड़ी गई चालाकी' में तुम पढ़ोगे कि किस तरह शौर्य, चालाकी से लूडो खेल जीत लेता है लेकिन फिर जब दादाजी उसे उसकी गलती का एहसास कराते हैं तो वह शर्मिंदगी महसूस करने लगता है।




'खूबसूरती का राज' कहानी में अवनि को उसकी बुआ समझाती हैं कि वास्तव में कोई इंसान कब खूबसूरत दिखता है? ज्यादातर बच्चे, मम्मी या पापा का स्मार्टफोन मिलने पर उसमें गेम्स खेलने लगते हैं। लेकिन फोन किस तरह पढ़ाई में मददगार हो सकता है, इसे तुम अथर्व की कहानी 'स्मार्टफोन की महिमा' में पढ़ सकते हो। अगर मन में दृढ़ विश्वास हो तो शारीरिक अक्षमता भी मनचाही जीत पाने में बाधा नहीं बनती, यह सीख देती है 'जीत का उपहार' कहानी। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत अच्छी हैं। *

**किताबः** पकड़ी गई चालाकी, **लेखिकाः** आरती 'आस्था'
**मूल्यः** 149 रुपए, **प्रकाशकः** सर्व भाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

### हंसगुल्ले



**अध्यापक** : 'मुंह में पानी आना' इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**रोनित** : जैसे ही मैंने नल में मुंह लगाकर नल खोला, मेरे मुंह में पानी आ गया। **-शिखा, बिलासपुर**

**अध्यापक** : 'दांत खट्टे करना' इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**सोनू** : मैंने मोनू को नीबू का अचार खिलाकर उसके दांत खट्टे कर दिए। **-नव्या, रायपुर**

### जीके क्विज-170

1. हाल ही में भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख डायमंड लीग फाइनल में कौन-सा स्थान हासिल किया?
2. कुछ समय पूर्व ही देश की नई महालेखा नियंत्रक (सीजीई) कौन बनी हैं?
3. भारत के नए उपराष्ट्रपति कौन बने हैं?
4. हिंदी को देश की राजभाषा का दर्जा कब दिया गया था?
5. भारत में कितनी भाषाओं को संवैधानिक दर्जा प्राप्त है?
6. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
7. बल का मात्रक क्या होता है?
8. गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?
9. ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण किस शासक ने करवाया था?
10. प्रसिद्ध उपन्यास 'राग दरबारी' के लेखक कौन हैं?



**बच्चों, जीके क्विज-170 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-169 का उत्तर :** 1.चिकिथा तानीपार्थी, 2.रमेन डेका, 3.ज्ञानेश कुमार, 4.जी. शंकर कुरुप, 5.एंटवर्प (बेल्जियम), 6.लॉर्ड कैनिंग, 7. नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 8.विक्रम 3201, 9.विटामिन डी, 10.शुक्र

**जीके क्विज-169 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, अंकिता-रायपुर, रोहित-रोहतक, कमल-महासमुंद, विकास-बालोद, हर्ष-राजनांदगांव, सुमन-भोपाल, आर्यन-बलौदा बाजार, सुशील-महेंद्रगढ़, साकेत-दुर्ग

---



कहानी
**विमला नागला**

सौम्या को जब रिजल्ट मिला तो हिंदी को छोड़ कर सभी विषयों में उसे ए ग्रेड मिला था। इस बात से वह बहुत दुखी हुई। सौम्या ने क्या गलती की थी कि उसे हिंदी में ए ग्रेड नहीं मिला, यह कमी जानते हुए उसकी दादी ने बड़ी चतुराई से उसे एक ऐसा उपाय बताया, जो बड़ा चमत्कारी निकला। जल्द ही सौम्या की हिंदी में बहुत अच्छा सुधार हो गया।

## करामाती कलम



आज सौम्या को स्कूल में रिजल्ट कार्ड मिला था। वह पांचवीं कक्षा में पढ़ती है। सौम्या बहुत दुखी थी। सभी विषयों में उसको ए प्लस ग्रेड मिला था, लेकिन हिंदी में बी ग्रेड था। उसे समझ में नहीं आ रहा था, ऐसा क्यों हुआ? सौम्या घर आकर रोने लगी। मम्मी ने जब उसके रोने का कारण जाना तो उन्होंने समझाया, 'बेटा, परीक्षा में हिंदी की छोटी-सी गलती के भी नंबर कटते हैं। इस समृद्ध भाषा में एक बिंदी की भी चूक से शब्द का अर्थ बदल जाता है। शायद तुमने भी इसी तरह की गलती की होगी।'

तभी सौम्या की दादीजी और पापा भी आ गए। सौम्या के रोने का कारण जब उन्होंने पूछा तो मम्मी ने बताया। वह यह भी बोलीं, 'मुझे लगता है, इसके हिंदी लेखन में वर्तनी की अशुद्धियों के कारण ही सही उत्तर लिखने पर भी इसको इतने कम अंक मिले हैं।'

'ओह! यह अशुद्ध वर्तनी वाली बात तो ठीक वैसी ही है, जैसे स्वादिष्ट भोजन के बीच अचानक से कंकड़ का आ जाना। काश! इसके प्रति सौम्या पहले से ही सचेत होती, पर कोई बात नहीं, देर आए दुरुस्त आए।' वहां बैठी दादीजी बोलीं।

मम्मी ने स्कूल में सौम्या के टीचर से फोन पर बात की। उन्होंने भी हिंदी में अधिक अशुद्धियों को ही कम अंक मिलने का कारण बताया। सौम्या अनमनी-सी चुपचाप दूसरे कमरे में चली गई।

दादी जी ने रात को सोते समय प्यार से सौम्या के सिर पर हाथ फेरते हुए पूछा, 'सौम्या, क्या आज तू मुझसे कहानी नहीं सुनेगी?' 'जी नहीं!' बहुत धीमे स्वर में सौम्या बोली।

दादी बोलीं, 'ठीक है सौम्या! तू कहानी भले ही मत सुन, पर यह देख!' 'क्या है यह?' सौम्या ने पूछा।

'सौम्या! यह देख, मेरे पास मेरी मां की दी हुई एक करामाती कलम है। इस कलम के बारे में मैंने आज तक किसी को नहीं बताया। पर आज तेरी यह हालत मुझसे देखी नहीं जा रही, इसीलिए...।' 'क्या..? आपके पास ऐसी करामाती कलम थी तो आप पहले देतीं न...।' सौम्या झट से बोली। 'कोई बात नही बेटा, जीवन में अभी तो ऐसी बहुत सी परीक्षाएं आएंगी। यह कोई साधारण कलम नहीं है। इसकी एक अद्भुत विशेषता यह है कि जिस प्रकार हमारे शरीर को चलाने के लिए प्रतिदिन भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक इसी प्रकार इस कलम को भी रोजाना कागज चखने की खुराक चाहिए। यह जितनी खुराक लेगी, उतना ही इसका चमत्कार बढ़ेगा।'

'वो कैसे?' सौम्या को आश्चर्य हुआ।

'कलम को हाथ में लेते ही नियमित रूप से इसका उपयोग करना होगा। इसके रुकते ही इसका जादू खत्म समझो।' दादी बोलीं।

'वाह! यह इतनी करिश्माई कलम है, तो भला फिर रोज काम लेने में कौन-सी परेशानी है!' हाथ नचाती हुई सौम्या बोली। दादी जी वह सुंदर सुनहरी कलम सौम्या के हाथों में देती हुई बोलीं, 'लो बेटा! तुम अब इसे नियमपूर्वक काम में लेना। चलो, हम सबसे पहले इसके जादू की परख के लिए आज से ही नहीं, अभी से ही हिंदी में एक पेज सुलेख लिखकर करते हैं।'

'जी!' सौम्या ने खुशी-खुशी हामी भरी।

शुरुआत में सौम्या ने बहुत लापरवाही के साथ जल्दी-जल्दी लेखन कार्य किया। जब वह इसे दिखाने दादी के पास गई तो दादी जी ने कलम को कान में लगाकर कुछ सुना और उदास स्वर में बोलीं, 'सौम्या, यह कलम कह रही है कि मैं इस लड़की के पास हरगिज नहीं रहूंगी, क्योंकि इसकी गंदी, घसीटमार लिखावट के साथ लिखी ढेर सारी अशुद्धियों से मैं बुरी तरह घबरा गई हूं।'

यह सुनते ही सौम्या का मुंह उतर गया। वह आंखों में आंसू लिए कलम को निहारने लगी। तभी दादी ने फिर से कलम को अपने कान के पास ले जाने का उपक्रम किया और बोलीं, 'सुनो सौम्या! अब यह कह रही है कि चलो छोड़ो, यह सौम्या की पहली गलती है, इसीलिए मैं उसे माफ कर देती हूं, लेकिन आगे से इसे मेरे उपयोग में पूरी सावधानी बरतनी होगी।'

यह सुनकर सौम्या खुशी से झूम उठी। अब तो वह प्रतिदिन एक-एक शब्द शुद्ध और जमा-जमा कर लिखती, इस डर से कि कहीं कलम रूठ न जाए। बस फिर क्या! कहते हैं न, 'करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान!'

सतत अभ्यास से सौम्या की अशुद्धियां एक दिन लगभग समाप्त ही हो गईं। अन्य विषयों में पढ़ाई में वह ठीक थी ही। अपने शुद्ध हिंदी लेखन के प्रयास से उसने अगली परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वह खुशी से नाच उठी और दादी को धन्यवाद देते हुए बोली, 'दादी जी, यह सब तो आपकी करामाती कलम की ही करामात है।'

दादी जी उसे दुलारते हुए बोलीं, 'बेटा! यह कलम की करामात नहीं, तेरी मेहनत का फल है। सच कहूं तो यह कोई करामाती कलम नहीं है। इसे तो तुम्हारे पापा से ही मंगवाया था। लेकिन अब यह सचमुच ही तुम्हारी मेहनत और लगन से साधारण से करामाती बन गई। बेटा! जीवन में सफलता का कोई शॉर्ट-कट नहीं होता। हमें सफल होने के लिए जीवन में खूब मेहनत करनी ही पड़ती है।'

दादी की बात सुनते हुए, सौम्या सहमति के साथ मुस्करा रही थी। *

शब्द ज्ञान / **शिवानी छाया**

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

बच्चो, हिंदी में कई सारे शब्द ऐसे हैं, जो अपने-आप में अनेक शब्दों या वाक्यांश का अर्थ समाहित किए हुए हैं। जब हम हिंदी में अनेक शब्दों के बदले प्रयुक्त होने वाले ऐसे एक शब्द का प्रयोग बोलने या लिखने में करते हैं तो हमारी भाषा या हमारा लेखन संक्षिप्त और प्रभावशाली हो जाता है। अनेक शब्दों के बदले प्रयुक्त होने वाले एक शब्द के कुछ उदाहरण बच्चो तुम यहां देख सकते हो-

जिसका कभी अंत न हो : अनंत
जिसको क्षमा न किया जा सके : अक्षम्य
जिसके समान कोई दूसरा न हो : अद्वितीय
कम बोलने वाला : मितभाषी
जिसकी कोई आशा न हो : अप्रत्याशित
अनुचित बात के लिए आग्रह : दुराग्रह
आलोचना करने वाला : आलोचक
अनुकरण करने योग्य : अनुकरणीय
परिवार के साथ : सपरिवार
ऊपर कहा हुआ : उपर्युक्त
नीचे लिखा हुआ : निम्नलिखित
स्मरण करने योग्य : स्मरणीय
दर्शन करने योग्य : दर्शनीय
जो सबको प्रिय हो : सर्वप्रिय
किए गए उपकार को मानने वाला : कृतज्ञ
जो कम पैसे खर्च करता हो : मितव्ययी

अनेक शब्दों के बदले एक शब्द के ऐसे अनेक उदाहरण तुम्हें हिंदी व्याकरण और भाषा की किताबों में मिल जाएंगे। तुम अपने स्कूल में हिंदी के अध्यापक या घर के बड़ों से भी इस तरह के और भी शब्दों के बारे में पूछ सकते हो, जान सकते हो। तुम इन शब्दों को जानो-समझो, इनके प्रयोग करना सीखो और अपने हिंदी ज्ञान को और भी समृद्ध बनाओ। *

---

### अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्रों में अध्यापिका जी बच्चों को हिंदी पढ़ा रही हैं। देखने में तो ये दोनों ही चित्र एक जैसे हैं, लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी अंतर खोजो।




### चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां हिंदी की क्लास का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र के कलर्ड कट-आउट्स भी साइड में दिए गए हैं। तुम इन कलर्ड कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र को रंगीन बनाओ।




उत्तर : A-1, B-8, C-7, D-5, E-3, F-6, G-2, H-4, I-9

## खबर संक्षेप

### कवि देवेंद्र ने चक्रधर समारोह में दी प्रस्तुति



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ का चक्रधर महोत्सव कला और संस्कृति से जुड़ी हस्तियों के लिए विश्वविख्यात मंच है। महोत्सव का 40वां आयोजन हुआ। जिसमें मुंगेली जिले के कवि देवेंद्र परिहार ने अपनी कविता से श्रोताओं में राष्ट्रीयता की भावना का संचार किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कवि देवेंद्र परिहार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### 20 नग सागौन समेत पिकअप जब्त

**बिलासपुर।** कोटा पुलिस ने पिकअप वाहन से अवैध रूप से सागौन लकड़ी का परिवहन करते आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी तोप सिंह नवरंग के निर्देश पर कोटा पुलिस टीम द्वारा ग्राम झिंगटपुर में घेराबंदी कर पिकअप क्रमांक सीजी 10 एयू 5824 को पकड़ा जिसमें वाहन चालक हितेश कुमार चेलकर पिता श्यामलाल चेलकर उम्र 28 साल साकिन अमलडीही थाना लोरमी मिला जिसे पूछताछ करने पर अपने साथी नंदकिशोर काटले निवासी खाम्ही लोरमी के साथ सेमरिया से अपने उक्त वाहन में अवैध रूप से काटे गए सागौन को भरकर लोरमी ले जाना बताया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन तथा 20 नग सागौन लकड़ी गोला को जब्त कर धारा 35 (ख) (1) (ड), 303 (2) बीएनएसएस 303 (2), 3 (5) बीएनएस, भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## निधन

### गायत्री गुप्ता

**बिलासपुर।** तारबाहर निवासी श्रीमति



गायत्री गुप्ता पति स्व. पुलाराम गुप्ता का 70 वर्ष की आयु में 11 सितंबर को रात्रि 9 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सुबह 10 बजे सिरगिटी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मेघा, रेखा, ममता की मां एवं मनोज, दिनेश, प्रदीप की सास थीं।

### कमल नारायण खण्डेलवाल

**बिलासपुर।** पी -04 रामा लाइफ सिटी



सकरी निवासी कमल नारायण खण्डेलवाल का गुरुवार को निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार सुबह 9 बजे उनके निवास सकरी से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी । वे रोहित, विरल के पिताजी थे ।

### गीता यादव

**बिलासपुर।** इमलीभाठा सरकंडा



निवासी गीता यादव का 11 सितंबर को निधन हो गया। वे 38 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 12 सितंबर को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शम्भू यादव की पुत्री एवं मनोज, मंगेश की बहन थीं।

### पार्वती मिश्रा

**बिलासपुर।** लिंक रोड निवासी पार्वती



मिश्रा का 11 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे अभिषेक मिश्रा एवं अनुपम मिश्रा की दादी, नारायण और आनंद मिश्रा की चाची थीं।

### सफीक मोहम्मद

**बिलासपुर।** खामोशगंज निवासी



सफीक मोहम्मद का 9 सितंबर को इंतकाल हो गया। वे 62 वर्ष के थे। उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक किया गया। वे मो. फ़रीज और मो. अफरोज (सद्दाम हुसैन ) के वालिद थे।

### डिडनेश्वरी देवी मंदिर में तैयारियां प्रारंभ

# नवरात्र को लेकर ट्रस्ट की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मल्हार

शारदीय क्वांर नवरात्र से पहले मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर में ट्रस्ट की आवश्यक बैठक पिछले दिनों रखी गई, जिसमें विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस वर्ष 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक नवरात्र पर्व मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियों को लेकर न्यास के सदस्यों ने सुझाव देते हुए नवरात्र के दौरान व्यवस्थाओ को सुचारू रूप से संचालित करने सदस्यों को जिम्मेदारी पूर्वक काम करने अपील की।

ट्रस्ट के उपाध्यक्ष संतोष कैवर्त ने बताया कि, देवी आराधना के लिए विशेष नवरात्र पर्व को उत्साह व श्रद्धाभक्ति के साथ मनाने निर्णय लिया गया है, जिसके लिए आवश्यक बैठक रखी गई थी। पर्व के दौरान होने वाले सभी धार्मिक अनुष्ठानों व कार्यक्रमों को विशेष रूप से करने के साथ ही पिछले वर्ष की तरह मनोकामना ज्योति कलश की राशि तय की गई। इसके उनुसार तेल की राशि 751, घृत 1 हजार 701 व जंवारा की राशि 1 हजार 501 रुपए करने का निर्णय ट्रस्ट ने लिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कैवर्त ने जानकारी दी कि, इस वर्ष पर्व के दौरान जगराता के अलावा भजन



कीर्तन व जसगीत जैसे कार्यक्रम कराने छत्तीसगढ़ सरकार के संस्कृति विभाग से मांग की गई है, जिसकी मंजूरी मिलने के बाद भव्य रूप से आयोजन कराया जाएगा। इसके अलावा प्रतिवर्षानुसार इस बार भी मंदिर परिसर में देवी भागवत की कथा होगी, जिसके आचार्य नगर के ही मयंक पांडेय होंगे। इस वर्ष मंदिर परिसर में दानदाताओ के सहयोग से बने दो मंजिला ज्योतिकलश कक्ष में भी मनोकामना के दीप जलेंगे, जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।



## गांधी बाग में डिस्पोजल सामग्री से बनाया जा रहा दुर्गा पंडाल

**करगीरोड कोटा।** दुर्गा पूजा पर्व को लेकर गांधी बाग में मातारानी का भव्य दरबार सजने जा रहा है। दुर्गोत्सव समिति गांधी बाग की ओर से किए जा रहे नौवें वर्ष के आयोजन की विशेष बात यह है कि, इस बार का पंडाल पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल व अनोखे अंदाज में तैयार किया जा रहा है। कोलकाता से आए कारीगरों ने लगभग 2 लाख डिस्पोजल कप, गिलास, कटोरी, चम्मच और टिशू पेपर का उपयोग करके आकर्षक पंडाल का निर्माण कर रहे हैं। आयोजक समिति के अनुसार यह पंडाल दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। मातारानी का भव्य आगमन 20 सितंबर को होगा एवं इसके साथ ही दुर्गा पूजा उत्सव की शुरुआत होगी।

# सुविधाओं के युग में खुद को साबित करें युवाः द्वारिकेश

**सीपत।** छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर शुक्ल महाविद्यालय सीपत में गुरुवार को 'विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित भारत' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार रही।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता एवं वैदिक कॉलेज के चेयरमेन द्वारिकेश पांडेय ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि, हम कठिन कार्यकाल को पार कर आज सुविधाभोगी जमाने में आ गए हैं। आने वाले समय में सरकार संसाधन तो दे सकती है, लेकिन नौकरी नहीं दे सकती। इसलिए युवाओं को अपने लक्ष्य तय करने होंगे, और जीवन का बोझ खुद अपने कंधों पर उठाना होगा। भाजपा नेता दिलेन्द्र कौशिल ने कहा कि, देश को आगे ले जाने में छत्तीसगढ़ की भूमिका हमेशा अग्रणी रही है। यदि हम यह संकल्प लें कि जो भी कार्य करेंगे वह पहले देश के लिए और फिर अपने लिए होगा, तो आने वाले समय में विकसित छत्तीसगढ़ बनने से कोई नहीं




कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

रोक सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीवशंकर खेर ने कहा कि, छात्र-छात्राएं ही आने वाले छत्तीसगढ़ की असली ताकत हैं। यदि युवा अपने कौशल और प्रतिभा को सकारात्मक दिशा में लगाएंगे तो 2047 तक निश्चित ही छत्तीसगढ़ एक आदर्श और विकसित राज्य के रूप में पहचाना जाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर पत्रकार हिमांशु गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो भूपेन्द्र देवांगन तथा आभार प्रदर्शन सांस्कृतिक प्रभारी श्वेता पंड्या ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रघुनंदन पटेल, डॉ एमडी स्वर्णकार, नीना बखरिया, डॉ शुभ्रा मिश्रा, डॉ के वेणु अचारी, जीवन प्रभाकर गोरे, डॉ हेमपुष्पा नायक, वंदना श्रीवास्तव, कमलेश सिंह, विमल तिवारी, धनंजय टंडन, दीपेश जोशी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



पुलिया के बगल में बना गड्ढा।

## जर्जर होने लगा लगरा-उरतुम मार्ग

**लगरा।** लगरा-उरतुम मार्ग जर्जर होने लगा है। लगरा से उरतुम तक दो किमी की दूरी है, जिस पर एक किमी तक की सड़क का निर्माण हो चुका है। सड़क निर्माण होने के बाद निर्माणाधीन सड़क गुणवक्ताहीन होने के कारण महीने भर में उखड़ने लगी।

आम नागरिकों ने सड़क निर्माण पर सवाल उठाया है। बाद में पुनः सड़क बनाई गई। गुणवक्ताहीन सड़क होने के कारण इस बारिश में सड़क जगह-जगह जर्जर होने लगी है। उरतुम मोड़ के पास की पुलिया एक साईड से पूरी तरह टूट गई है। रात को आने जाने वाले वाहनों के लिए एक बड़ा हादसा होने की आशंका है। चार पहिया वाहन वालों को टूटी पुलिया के कारण अधिक परेशानी होने लगी है। अक्सर चार पहिया के चक्के पुलिया के गड्ढे में फंस रहे हैं।

### अज्ञात लोगों ने की युवक की हत्या

# ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर किया चक्काजाम

**सेतगंगा/मुंगेली।** पुलिस थाना फास्टरपुर सेतगंगा अंतर्गत ग्राम शुक्लाभांठा निवासी एक युवक का 10 सितम्बर को दाबो में लगभग 9 बजे रात्रि को 2 अज्ञात व्यक्तियों ने बेरहमी से मारकर हत्या कर दी। युवक की हत्या से गांव सहित आस-पास के गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों ने घटनास्थल मुख्य मार्ग पर 1 से 4 बजे तब चक्काजाम कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार की मांग की है।



मृतक हेमप्रसाद साहू।

फास्टरपुर सेतगंगा पुलिस को जब घटना की जानकारी मिली तो पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा, शव को कब्जे में लेकर मुंगेली जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में हत्या की पुष्टि की है। लेकिन अब तब हत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। मिली जानकारी अनुसार ग्राम शुक्लाभांठा निवासी हेमप्रसाद साहू पिता दिनेश साहू उम्र 32 वर्ष लगभग 8 बजे बाइक से हेमचंद्र के साथ अपने घर आ रहे थे। ग्राम दाबो में मुख्य मार्ग से 100 मीटर दूरी पर वे लोग कुछ खा पी रहे थे इसी बीच 2 अज्ञात व्यक्ति दाबों की ओर से उनके पास आये और मृतक से सिगरेट मांग कर पीकर वहां से चले गये। 10-15 मिनट बाद पुनः उनके पास आये और धारदार हथियार से उनके उपर हमला कर दिये। आरापियों ने मृतक के मोटर सायकल और मोबाईल को भी ले गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीण एवं समाज वालों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

#### की जा रही है जांच

मामले की जांच की जा रही है। मोबाइल में आने वाले कॉल एवं साथी युवक से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार कर पीड़ति परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

**नवनीत कौर छाबड़ा,** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

### रहंगी स्वास्थ्य शिविर में 205 की जांच व उपचार

**दगोरी।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति की ओर से रहंगी में स्वास्थ्य शिविर तथा एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यशाला अभियान का आयोजन किया गया। शिविर में 205 मरीजों की जांच व उपचार ग्रामीण चिकित्सा सहायक राजेश सिंह ने की। ब्लड सैंपल कलेक्शन एमएलटी वरुण कौशल ने किया। एड्स काउंसलर बिल्हा दीवान ने उपस्थित ग्रामवासियों को एचआईवी एड्स, यौन जनित रोगों के होने व उपचार, बचाव की जानकारी दी। उपस्थित ग्रामवासियों को जन जागरूकता अभियान के तहत पॉम्प्लेट भी दिया गया।



## श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता में संतोष का चित्रण

**बेलतरा।** ग्राम उरतुम में शिक्षा विद एवं सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र गौरहा के निवास पर स्वर्गीय राघव वल्लभ गौरहा की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र के मार्मिक प्रसंग का वर्णन किया गया। व्यास पीठ पंकज भूषण मिश्रा ने कहा कि, भगवान कृष्ण और उनके बचपन के मित्र सुदामा की निस्वार्थ मित्रता और गरीबी के बावजूद संतोष का चित्रण है। गरीब ब्राह्मण सुदामा द्वारका में अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने जाते हैं, तो पत्नी के आग्रह पर उनके लिए चावल का चिवड़ा लेकर जाते हैं। कृष्ण उन्हें अपने गले लगाते हैं एवं उनके दिए चिवड़े को अमृत के समान बताते हैं। जब सुदामा लौटते हैं तो उनकी गरीबी दूर हो चुकी होती है। यह कथा मित्रवत प्रेम और त्याग की शक्ति दर्शाती है। कथा में मुख्य रूप से प्रवीण राजूराज पांडेय, त्रिलोक श्रीवास कांग्रेस नेता, संजय शर्मा, अनिल गौरहा, प्रमोद मिश्रा, विभा गौरहा उपस्थित रहे। कथा के मुख्य यजमान विणा-भूपेंद्र गौरहा, विभा-जितेन्द्र गौरहा हैं।

# बैंक ऑफ बड़ौदा का सैचुरेशन कैम्प

**सीपत।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने बुधवार को सीपत में वित्तीय समावेशन को सशक्त बनाने एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से एक भव्य सैचुरेशन कैम्प का आयोजन किया।

इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक रीनी अजीथ, बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर जोन के जोनल हेड दिवाकर प्रसाद सिंह, बिलासपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण कुमार, उपक्षेत्रीय प्रबंधक सुबोध कुमार लाल, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश सोनी तथा छत्तीसगढ़ ग्रामीण के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश कुमार राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। रीनी अजीथ ने कहा कि, वित्तीय समावेशन तभी सार्थक होगा जब बैंकिंग सेवाएं गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचें। ऐसे कैम्प लोगों को सुरक्षित और आधुनिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण हैं। प्रवीण कुमार ने कहा कि, आज ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों की उत्साही भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि, समाज अब डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय सशक्तिकरण की ओर तेजी से बढ़ रहा है। शिविर में नागरिकों को आधुनिक बैंकिंग एवं वित्तीय सशक्तिकरण से जोड़ने के लिए उपयोगी जानकारियां दी गईं। इनमें प्रमुख रूप से मनी म्यूल गतिविधियों से बचाव,



ग्राहकों के लिए अनिवार्य रीकेवाईसी प्रक्रिया, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना मात्र 20 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना मात्र 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख जीवन बीमा, जन-धन खाते, आधार आधारित बैंकिंग सेवाएं, अटल पेंशन योजना, डिजिटल भुगतान, नकद रहित लेन-देन एवं साइबर सुरक्षा संबंधी मार्गदर्शन शामिल रहे। ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में नागरिकों ने इस अवसर पर खाता खुलवाने, बीमा योजनाओं से जुड़ने तथा डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम का संचालन बैंक ऑफ बड़ौदा के वरिष्ठ प्रबंधक रंजीत कुमार रजक ने किया।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 09/09/2025

प्रति,
1. आवेदक बिक्रम मुखर्जी पिता विजय कुमार मुखर्जी आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. अध्यक्ष सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति मोपका, 3. अरूण कुमार सा. मोपका 4. दीपक कुमार सा. मोपका एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार
**विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।**
संदर्भः न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/Q/तह./ ना.तह. /वा./2025 बिलासपुर दिनांक 02/05/2025

ग्राम मोपका प.ह.नं.29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 1053/149 रकबा 0.022 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक विक्रम मुखर्जी निवासी वैशाली नगर के द्वारा छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 25.09.25 को समय 10.00 से 05.00 के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**

**नाम सुधार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती विद्यावती खत्री Vidya vati Khatri 27 खोली विकास नगर वार्ड न. 15 छ.ग में निवासरत है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवंश विध्या खत्री लिखा है। आधार न. 4436 8855 9755 है। मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम श्रीमती विधावती खत्री, पति भी जगदीश चन्द्र खत्री है, जो की सही है।

अतः इस सम्बध में किसी व्यक्ति या संस्था को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अन्दर अपनी आपति पेश कर सकते हैं।

**भवदीया**
**श्रीमती विद्यावती खत्री**
**पति स्व. श्री जगदीश चन्द्र खत्री**
**27 खोली विकास नगर वार्ड 15 बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र. अ-6-अ/2024-25
ग्राम घुरू, तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम घुरु प.ह.न. 61 तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा देवी सान्डे पति श्री मेंधवा प्रसाद सान्डे निवासी- नारायणी होम फेस-02, वार्ड नं. 04, मकान नं.-25, गोकूल धाम घुरू, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम घुरू स्थित भूमि ख.न. 5/3 में से रकबा 990 वर्गफुट भूमि में विद्यमान अशुद्ध प्रविष्टि के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी रा. तखतपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 19.09.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार, सकरी**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 09/09/2025

प्रति,
1. आवेदक बिक्रम मुखर्जी पिता विजय कुमार मुखर्जी आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. अध्यक्ष सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति मोपका, 3. दीपक कुमार सा. मोपका 4. अरूण कुमार सा. मोपका एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार
**विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।**
संदर्भः न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/Q/तह./ ना.तह. /वा./2025 बिलासपुर दिनांक 02/05/2025

ग्राम मोपका प.ह.नं.29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 1053/150 रकबा 0.022 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक विक्रम मुखर्जी निवासी वैशाली नगर के द्वारा छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 25.09.25 को समय 10.00 से 05.00 के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**

**फार्म 37**
वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना औताजा पंजीकरण को उपयोग किया जा सकता है
वित्तीय के नाम प्रमाणपत्र
(डुप्लिकेट मे बनाया जा सकता हैऔर डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना) बिलासपुर
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय
रेफरी संख्या दिनांक
श्री/ श्रीमती / कुमारी Shri Dhaneshwar Nishad है/ एतद्वद्वार सूचित किया जाता है कि Indusland Bank Ltd /ने सूचित किया है कि उसने / उन्होने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है वाहन संख्या CC10G1197 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया खरीद / पट्टे / उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथेकेशन और 1 आपने उसे/ उन्हे पंजीकरण प्रमाण पत्र देने से मना कर दिया है। 2 आप फरार हो गए है। उसने पंजीकरण प्रमाण पत्र रद्द करने औ नए सिरे से जारीकरने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाणपत्र।
अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें
मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपक कब्जे को खोने के बावजुद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटरवाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसिद की तारिख से सातदिनों के भीतर इस कार्यालय में यदि कोई हो को प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस विफल होने पर पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51(5) के साथ।
तारिख
जो भी अनुचित हो स्ट्राइक आउट करें।
सेवा
फाइनेंसर Industind Bank Ltd Bilaspur
वाहनस्वामी Thaneshwar Nishad Ward No. 10 Mishra para Hathband Baloda Bazar (CG)
**पंजीकरण प्राधिकरण का हस्ताक्षर**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी -47, आबंटी श्री देवब्रत पीताम्बर सतपथी पिता स्व. श्री पीताम्बर सतपथी, को नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक-21.11.2006 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्री अजय शराफ पिता स्व श्री आर.पी. शराफ को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी -1090, आबंटी श्रीमती स्तुति देवांगन पति स्व. श्री पुरूषोत्तम देवांगन, को नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक-01.03.2011 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्री श्याम साहू पिता श्री दुध्दु राम साहू को विक्रय करना चाहती है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली ( छ.ग.)**
//ईश्तहार//
(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)
रा.प्र.क्र.......................ब-121/2025
क्रमांक/291/वाचक/तह./2025 लालपुर थाना दिनांक 4.9.25

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम करनकापा को सूचित किया जाता है कि आवेदक जुगल किशोर पति/पिता श्री समारू जाति सतनामी साकिन करनकापा तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/ पुत्री/पुत्र/ दादा/दादी/ भाई/ बहन समारू आ. श्री मुड़िया के मृत्यु दिनांक 23.11.2011 ग्राम करनकापा को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 19.9.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना, जिला-मुंगेली ( छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र. 257/अ-6अ/2024-25
ग्राम घुरू, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरू प.ह.न. 61 तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिलीप कुमार तिवारी पिता स्व. श्री दाऊराम तिवारी निवासी- प्रथमेश विहार, मकान नंबर 05 वार्ड क्र. 04 जोन क्र. 01 गोकूलधाम, घुरू (अमेरी) बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम मौजा घुरू प.ह.नं. 61 तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में ख.न. 512 रकबा 0.007 हे. क्षेत्रफल 750.00 वर्गफीट भूमि को श्रीमती कल्पना गुप्ता पति श्री राजेन्द्र गुप्ता निवासी कुदुदण्ड, गायत्री मंदिर के पास बिलासपुर से क्रय किया था। उक्त भूमि वर्तमान में क्रय भूमि से कम अर्थात 0.0010 अंकित है, जिसे सही रकबा दुरूस्त किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा) तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 15.09.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार, सकरी**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार द्वारा अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि ज्योति सिंह उम्र 44 वर्ष पति हिमेश प्रताप सिंह, निवासी- वार्ड नं. 28, दुर्गा चौक कतियापारा जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के हक स्वामित्व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि मौजा लिंगियाडीह, प.ह.नं. 31, रा.नि.मं. मोपका, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर 27/28 शामिल खसरा नंबर 30/97 रकबा 0.0090 हेक्टेयर (990 वर्गफुट भूमि) स्थित है जिसका पक्का सौदा मेरे पक्षकारगण मीना बाई देवांगन उम्र 42 वर्ष पति अशोक देवांगन एवं अशोक कुमार देवांगन उम्र 45 वर्ष पिता अर्जुन लाल देवांगन, दोनो निवासी- वार्ड नं. 07, खैरा, सेतगंगा, पो.आ. फास्टरपुर, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) से हुआ है जिसकी निकट भविष्य में मेरे पक्षकारगण के पक्ष में रजिस्ट्री किया जाना शेष है।

उपरोक्त रजिस्ट्री पर जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या निकाय को उक्त खरीदी-बिकी सौदे में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा निर्धारित अवधि व्यतीत होने के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जाने।

बिलासपुर (छ.ग.) दिनांक : 06/09/2025
**भवदीय- सुरेन्द्र जायसवाल (अधिवक्ता)**
**पता - रामनगर तखतपुर**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 7509004009**

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
विकास तिवारी +1 अन्य .........आवेदकगण
// विरूद्ध //
शाखा प्रबंधक कोटक महिन्द्रा बैंक वगैरह .......अनावेदकगण
उत्तरा.प्र.क्र. 55/2025
पेशी ता. 13.10.2025
आदेश दिनांक 03.09.2025
प्रोसेस क्र. 157/25
// समंस //
आज जनता, (जिनका इससे संबंध हो) -अनावेदक क्र. 02

आवेदकगण ने अनावेदकगण के विरूद्ध एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम बाबत स्व. उपेन्द्र कुमार तिवारी के नाम अनावेदक क्र. 01 के बैंक शाखा में जमा राशि 75,227.23 रूपये प्राप्त किये जाने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत पेश किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 13.10.2025 को नियत है। अनावेदक क्र. 02 आम जनता को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस / ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में दिनांक 13.10.2025 को दिन के 11:00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 13.10.2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 08/09/2025 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांक 08/09/2025
स्थान बिलासपुर
**असलम खान**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस/समंस**

प्रकरण क्र.- MJC Civil/70/2025
आदेश दिनांक 19/08/25
पेशी तारीख 28/10/2025
प्रो.क्र. 647
विमल कश्यप .........आवेदक
विरूद्ध
अंजु कश्यप वगैरह .........अनावेदिकागण
बनाम :- आम जनता।

आवेदक की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 10 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 वास्ते अवयस्क के शरीर एवं संपदा का संरक्षक नियुक्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र माननीय न्यायालय में पक्षकार विमल कश्यप विरूद्ध अंजु कश्यप वगैरह पेश किया गया है। उपरोक्त अनावेदिकागण को इस समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस / समंस का प्रकाशन किया जा रहा है इस प्रकरण में दिनांक 28/10/2025 को इस न्यायालय में 11.00 बजे दिन को स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेंवे अन्यथा आपकी अनुपस्थित होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 28/10/2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाती है तो उसके अगले दिवस के अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक / / 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक : / / 2025
**शैलेष कुमार केतारप**
**प्रथम जिला न्यायाधीश**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### सूने मकान से सोने के जेवर, रकम चोरी

**बिलासपुर।** सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने के जेवर व



नकद रकम की चोरी कर ली है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, भवानी नगर निवासी कृष्णा कुमार पिता राजगोपाल 6 सितंबर को पत्नी प्रिया के साथ मकान के दरवाजे में ताला लगाकर बिलासपुर सिटी घूमने चले गए थे। घर के बैग में सोने के जेवर व नकद रकम रखी थी। 9 सितंबर को उनकी पत्नी ने बैग खोलकर देखा तो उसमें तीन जोड़ी सोने का झुमका, एक अंगूठी, 2 हजार रुपए नकद नहीं था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### आफिस को लगाई आग, दो हिरासत में

**बिलासपुर।** कैश कलेक्शन आफिस में पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। जिससे दरवाजा जल गया है। पुलिस कोरबा के दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, देवरीखुर्द निवासी मिथलेश सिंह ने रिपोर्ट लिखाई बीना नगर में उनका कैश कलेक्शन का आफिस है। सितंबर को देर रात उन्हें सूचना मिली उनके आफिस में आग लग गई है। वे अन्य कर्मचारियों के साथ आफिस गए तो आग लगी हुई थी। आगजनी में दरवाजा जल गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कोरबा के दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई है।

### नशे में ग्रामीण ने खुद को मारा चाकू, भर्ती

**बिलासपुर।** नशे ग्रामीण ने खुद को चाकू मार लिया है। उसे



इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सिम्स से मिली जानकारी के अनुसार, घुरू अमेरी निवासी सावन सूर्यवंशी शराब पीने का आदी है। बुधवार की रात शराब पीकर घर आया और हंगामा मचाने के बाद स्वंय चाकू से अपने पेट पर चाकू चला लिया है। घायल को परिजन के द्वारा उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

---

**जांच टीम ने बिल्हा बीईओ को भी दोषी माना** | **बिल्हा ब्लाक के संकुल समन्वयक साधेलाल पटेल का कारनामा**

# स्वास्थ्य विभाग की फर्जी सील और साइन, मृत साले का मेडिकल बिल बनवा लिया

**बिलासपुर।** बिल्हा ब्लाक में फर्जी मेडिकल बिल के आधार पर 30 लाख रुपए निकालने के मामले में जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट में बिल्हा ब्लाक में पदस्थ शिक्षक और संकुल समन्वयक साधे लाल पटेल के साथ ही तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिल्हा पर नियमानुसार कार्यवाही करने की अनुशंसा की गई है।

▪ **परिजनों के नाम पर 30 लाख निकालने की साजिश**

बीईओ आफिस के कर्मचारियों को भी दोषी माना गया है। साथ ही संबंधितों से 6 लाख 74 हजार 70 रुपए वसूली करने भी कहा है। जिला शिक्षा अधिकारी के मुताबिक रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी बिल को पहले ही कूटरचित और फर्जी बताते हुए एफआईआर की अनुशंसा की गई है। बिल्हा ब्लॉक में पदस्थ और संकुल समन्वयक शिक्षक साधे लाल पटेल ने अपने और परिजनों के नाम पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिल्हा में 30 लाख का फर्जी मेडिकल बिल जमा किया। फर्जी मेडिकल बिल को विभाग ने राज्य कार्यालय को फारवर्ड कर राशि भी मंगा ली। भुगतान होता इसके पहले ही शिकायत हो गई और कुछ बिल को रोक दिया गया। मामले में जांच कमेटी बनाई गई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से बिल जारी करने की पुष्टि की गई।

जांच के दौरान में श्रीमती शिल्पा शर्मा (कार्या सहा ग्रेड 3 वि.खं.शि.अधि. बिल्हा) की ओर से कहा गया है कि साधेलाल पटेल (शिक्षक संकुल समन्वयक) द्वारा भुगतान हेतु जिला कोषालय बिलासपुर प्रेषित किए जाने हेतु काफी दबाव डाला गया। सभी देयक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिल्हा द्वारा स्वीकृत तो किए गए लेकिन भुगतान हेतु कोषालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है।

### स्वास्थ्य विभाग ने की है एफआईआर की अनुशंसा

जांच में बात सामने आई है कि इस तरह का कोई बिल स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी ही नहीं किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मामले में एफआईआर की की अनुशंसा भी की गई है लेकिन शिक्षा विभाग के आला अधिकारी इस चहेते को बचाने में लगे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अपने प्रतिवेदन में कहा है कि एक भी बिल जारी नहीं किया गया है और किसी में हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। सभी कूटरचित और फर्जी दस्तावेज हैं जिसमें फर्जी सील और साइन किए गए हैं। खास बात है कि आरोपी शिक्षक ने इस बार अपने और अपनी पत्नी, अपने साले (एक जीवित, एक मृत) के नाम पर बिल लगाकर पूरा खेल खेला है।

### जिस वक्त बीमार बताया, उस वक्त ड्यूटी पर था

जांच में यह बात भी सामने आई है कि शिक्षक ने जिस वक्त अपने आपको बीमार बताकर इलाज का बिल पेश किया है उस वक्त ड्यूटी में भी उपस्थित था। शिकायत के अनुसार साधे लाल पटेल ने 29 अगस्त 2024 को जिला चिकित्सालय से स्वीकृत बिल कार्यालय में प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार 77,564 रुपए की राशि उसके द्वारा इलाज पर खर्च की गई है, जिस बिल को लेकिन शिक्षक साधेलाल पटेल ने जमा किया है, वह बिल मूल रूप से शिक्षक असीम वर्मा का है, जिसको कूटरचित कर प्रस्तुत किया गया है। इसी प्रकार अपने परिचित उमाशंकर चौधरी का 27 अगस्त 2024 को 5 लाख 42 हजार 535 रुपए का बिल प्रस्तुत किया है जो की मूल रूप से असीम वर्मा का है और कुल बिल एक लाख 43,000 रुपए का ही है। इसी तारीख को स्वीकृत एक और बिल राजकुमारी पटेल का है जो 4 लाख 3 हजार 327 रुपए का है जबकि मूल रूप से यह बिल 47 हजार का है।

### दूसरे के नाम के बिल की कूटरचना

जांच में बात सामने आई कि इन सभी बिलों को एडिट किया गया और बढ़ाकर नया बनाया गया और शिक्षा विभाग में पेश किया गया। इसी प्रकार एक बिल स्व नरेंद्र कुमार चौधरी के नाम से 5 लाख 33 हजार 123 रुपए का प्रस्तुत किया गया है। यह बिल जिला चिकित्सालय से 18 जनवरी 2022 को पास किया जाना बताया गया है, जबकि मूल रूप से यह बिल 32 हजार रुपए का है। इसके साथ ही राजकुमारी पटेल के नाम से 7 लाख 32 हजार 841 रुपए का फर्जी बिल प्रस्तुत किया गया है। यह बिल भी जिला अस्पताल ने जारी नहीं किया है।

### की जाएगी कार्रवाई

इस मामले में दो सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया था। जांच कमेटी में हायर सेकेंडरी स्कूल बैमा नगाई के प्राचार्य एसके कश्यप व हायर सककेंडरी स्कूल सरकंडा के लिपिक घनश्याम दुबे शामिल थे। जांच रिपोर्ट के साथ ही स्वास्थ्य विभाग का भी प्रतिवेदन मिल गया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई होगी।

- **विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

---

**साढ़े 6 करोड़ के प्रोजेक्ट में पुराना बस स्टैंड, हैप्पी स्ट्रीट में ड्यूअल पाइपिंग प्रोजेक्ट के तहत हो रहा काम**

# आग लगने पर हर चौक में लग रहे वाल्व से दमकल भर सकेंगे पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जवाली नाले का गंदा पानी अब फिल्टर करते हुए डिवाइडर में लगे पौधों और गार्डनों में डाला जाएगा। इसके लिए पचरीघाट के पास एसटीपी का निर्माण जारी है। यहां नाले के गंदे पानी को ट्रीटमेंट किया जाएगा।

▪ **नालियों के किनारे बिछ रही पाइप लाइन**

दरअसल स्मार्ट सिटी ने तय किया है कि शहर में पुराना बस स्टैंड और हैप्पी स्ट्रीट में ड्यूअल पाइपिंग प्रोजेक्ट के अंतर्गत ग्रीन जोन बनाया जाएगा। यहां गार्डन के साथ फाउंटेन तैयार किया जाएगा। इसमें नाले के गंदे पानी को फिल्टर कर गार्डन और फाउंटेन में इस्तेमाल किया जाएगा। इस साढ़े 6 करोड़ के प्रोजेक्ट में पचरीघाट से बस स्टैंड तक नालियों के किनारे से पाइप लाइन बिछाई जाएगी। पाइप लाइन में हर चौक में वाल्व भी दिए जाएंगे। इसके सहारे डिवाइडरों में लगे पौधों में पानी दिया जा सकेगा। इसके साथ ही इमरजेंसी की स्थिति में इसी पाइप लाइन से दमकलों में भी पानी भरते हुए उपयोग में लाया जा सकेगा। पचरीघाट में इसके लिए अलग से पानी टंकी भी बन रही है।

ज्ञात हो कि 15 गांवों और 3 निकायों के शामिल होने के बाद शहर का दायरा बढ़कर 137 वर्ग किमी मतलब कि 13000 हेक्टेयर है, इस लिहाज से ग्रीन बेल्ट एरिया 1300 हेक्टेयर (3200 एकड़) में होना चाहिए, पर ऐसा नहीं है। पूर्व में स्मार्ट सिटी के सर्वे के अनुसार पुराने शहर यानी 66 वार्ड में सिर्फ 5 प्रतिशत दायरे में ही ग्रीनरी थी। तब शहर का दायरा 30 वर्ग किमी था। यानी 5 वर्ग किमी में ही ग्रीन बेल्ट था। एनजीटी के नियम के हिसाब से किसी भी शहर के दायरे के 10 प्रतिशत हिस्से में ग्रीन बेल्ट होना चाहिए, लेकिन बिलासपुर में ऐसा नहीं है।





एसटीपी मशीन और सूर्या हाटल के पास गार्डन जहां जवाली नाले का गंदा पानी फिल्टर कर गार्डनों में डाला जाएगा।

### गार्डनों में टैंकर से पानी डालने की जरूरत नहीं

गौरतलब है कि बड़े शहरों में ग्रीन जोन बनाने के लिए छोटे-छोटे जगहों पर ड्यूअल पाइप बिछाकर गार्डन बनाया जाता है। शहर में अभी पुराना बस स्टैंड के पास जिस जगह से कबाड़ी के अवैध कब्जे को हटाया गया है, वहां और हैप्पी स्ट्रीट का चयन कर लिया गया है। बता दें कि शहर में डिवाइडर पर लगे पौधे समेत सभी गार्डनों में टैंकर की मदद से पानी डाला जाता है। ड्यूअल पाइपिंग प्रोजेक्ट के तहत बनने वाले गार्डन में टैंकर के सहारे पानी डालने की जरूरत नहीं होगी।

### ग्रीन जोन का दायरा बढ़ाने की दिशा में काम

स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने बताया कि गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट (जीवीपी) की तर्ज पर ग्रीन जोन बनाया जाएगा। छोटी-छोटी जगह, जहां अतिक्रमण हो रहा है, उसे कब्जा मुक्त कर ग्रीन जोन का दायरा बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा। यहां गार्डन के साथ-साथ बच्चों के झूले लगाए जाएंगे, तो बड़ों के लिए पाथ-वे बनेगा। जगह के आधार पर युवाओं के लिए जिम भी बनाया जाएगा, यानी सड़क किनारे ग्रीन जोन में गार्डन की तरह सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

### शहर में इस तरह का यह पहला प्रोजेक्ट

अधिकारियों के मुताबिक अब ड्यूअल पाइपिंग प्रोजेक्ट लांच किया जा रहा है। शहर में इस तरह का यह पहला प्रोजेक्ट है, जिसमें पौधों की सिंचाई के लिए टैंकर के पानी की नहीं, बल्कि गंदे पानी को फिल्टर कर इस्तेमाल किया जाएगा। इससे स्वच्छता रैंकिंग में फायदा होगा। ऐसे प्रोजेक्ट मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे मेट्रो सिटीज में है। अधिकारियों के अनुसार ड्यूअल पाइपिंग प्रोजेक्ट के तहत एक पाइप से जवाली नाले का पानी लेकर फिल्टर किया जाएगा। इस पानी को गार्डन में डाला जाएगा। जो पानी बच जाएगा, उसे फिर से जवाली नाले में डाला जाएगा।

### पौधों को भी दिया जाएगा पानी

साढ़े 6 करोड़ के प्रोजेक्ट में पचरीघाट से बस स्टैंड तक नालियों के किनारे से पाइप लाइन बिछाई जाएगी। पाइप लाइन में हर चौक में वाल्व भी दिए जाएंगे। इसके सहारे डिवाइडरों में लगे पौधों में पानी दिया जा सकेगा। इसके साथ ही इमरजेंसी की स्थिति में इसी पाइप लाइन से दमकलों में भी पानी भरते हुए उपयोग में लाया जा सकेगा। पचरीघाट में इसके लिए अलग से पानी टंकी भी बन रही है। नाले के पानी को फिल्टर कर स्टोर किया जाएगा और जरूरत के हिसाब से इन पौधों में पानी डाला जाएगा। अतिरिक्त पानी को वापस जवाली नाले में छोड़ दिया जाएगा।

- **अमित कुमार**, एमडी स्मार्ट, सिटी

---

# 45 एकड़ शासकीय भूमि शासन के खाते में फिर दर्ज

**कोटा तहसील क्षेत्र के ग्राम तेदुआ का मामला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा तहसील क्षेत्र के ग्राम तेदुआ स्थित 45 एकड़ जमीन फिर से शासकीय मद में दर्ज हो गई है। खसरा नंबर 69, 70 और 77 की इस शासकीय भूमि को कई टुकड़ों में काट कर और मिलीभगत कर जमीन दलालों ने अपने नाम पर दर्ज करवा लिया था। शिकायत के बाद मामले की जांच कराई गई।

▪ **नगचुंवा और बांसाझाल के प्रकरणों की भी चल रही जांच**

कोटा के नायब तहसीलदार राकेश ठाकुर ने इस मामले में दस्तावेजों की पड़ताल की और जांच में पाया कि किसी भी भूमि स्वामी के पास उक्त जमीन के कोई भी वैध दस्तावेज जैसे पट्टा या भूमिस्वामी होने के संबंध में सक्षम अधिकारी का आदेश नहीं था। नायब तहसीलदार राकेश ठाकुर ने बताया कि जांच के दौरान मालूम पड़ा कि खसरा नंबर 69, 70 और 77 की यह सभी जमीनें राजस्व रिकार्ड में बड़े झाड़ के जंगल के रूप में दर्ज है। इसके बाद ख.न. 69/2, 69/3, 69/4, 69/5, 70/3, 70/4, 70/5, 70/6, 77/2, 77/3 और 77/4 की 45 एकड़ जमीन को कब्जाधारियों से मुक्त कराने के लिए रिपोर्ट बनाई गई। इसके बाद कलेक्टर के समक्ष जांच प्रतिवेदन पेश करते हुए इन जमीनों को फिर से बड़े झाड़ के जंगल में दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी की गई है।

नायब तहसीलदार ने बताया कि इसी तरह नगचुंवा और बांसाझाल के प्रकरणों की भी जांच चल रही है।

---

# घंटों बंद हो रही बिजली, फिर भी विभाग के अधिकारी बेखबर

**जेई और एई पर नहीं हो रहा फटकार का असर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था भगवान भरोसे है, जहां उपभोक्ताओं को बिजली दर बढ़ने के बाद जेब पर ढाका पड़ चुका है, वहीं रोजाना बिजली बंद से उपभोक्ताओं का हाल बेहाल है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना 6 से अधिक घंटे बिजली बंद होती है, लेकिन बिजली अधिकारियों की लापरवाही के चलते उपभोक्ताओं को बगैर बिजली के ही रोजमर्रा का जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है।

बिजली विभाग के ग्रामीण सर्किल का हाल बेहाल है। अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदारों की मनमानी के चलते उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली उपलब्ध नहीं हो रही है, हाल यह है कि शिकायत के बाद भी घंटो बिजली बंद रहती है। सिलपहरी, तिफरा, धूमा, धूरीपारा, मंगला, उसलापुर, तखतपुर, सकरी, बिल्हा, जैसे इलाकों रोजाना बिजली बंद हो रही है, लेकिन इसके बावजूद स्टाफ मरम्मत के लिए नहीं पहुंच रहे है। सकरी क्षेत्र के हांफा में पिछले एक हफ्ते से बिजली की आंखमिचौली जारी है, इसके साथ ही भिलौनी में हफ्ते भर से ट्रांसफार्मर खराब है, ऐसे में बिजली की सप्लाई पूरी नहीं हो रही है, पिछले दो दिनों से बिजली की सप्लाई ठप है। इस बारे में सकरी फ्यूज कॉल को जानकारी दी गई है, लेकिन 2 दिनों के बाद भी मरम्मत के लिए कर्मचारी नहीं पहुंच सके है। यहीं हाल सिलपहरी, लगरा, बहतराई क्षेत्र का है।

खमतराई क्षेत्र में उपभोक्ताओं ने कई बार एई का कार्यालय घेरा है। जिसके बाद कार्यपालक निर्देशक ने अधिकारियों की बैठक लेकर हिदायत भी दी है, लेकिन एई और जेई लगातार लापरवाही बरत रहे हैं।

---

# राशन दुकान का चावल कहां बेचता था बिचौलिया? खाद्य विभाग मौन

**बिलासपुर।** खाद्य विभाग ने शिकायत के आधार पर बुधवार को तारबाहर के एक घर में छापामार कार्रवाई की। यहां तीसरी मंजिल में बेडरूम में बिचौलिए द्वारा छिपाकर रखे गए 10 बोरी चावल जब्त किए गए।

▪ **चौबीस घंटे बीते, नहीं बना सके जांच रिपोर्ट**

आश्चर्यजनक बात यह है कि कार्रवाई के 24 घंटे बाद तक खाद्य विभाग ने न तो इस कार्रवाई की रिपोर्ट तैयार की और न ही बिचौलिए से इस बात की जानकारी लेना जरूरी समझा कि राशन दुकान का चावल हितग्राहियों से खरीदकर वह मार्केट में किस दुकान में खपाता था?बिचौलिए के घर पर छापामार कार्रवाई करने के बाद साढ़े तीन क्विंटल चावल बरामद होने पर खाद्य विभाग ने इसे बहुत छोटा मामला समझकर आगे कोई कार्रवाई नहीं की। अगर उसी दिन बिचौलिए से जानकारी लेकर एक कड़ी से दूसरी कड़ी को जोड़कर काईवाई की जाती तो हो सकता है चावल चोरों का एक बड़ा रैकेट बेनकाब हो जाता। खाद्य विभाग के अधिकारियों के बयान से यह समझ आ रहा है इस मामले को जान बूझकर छोटा बनाया गया है। तारबाहर के बिचौलिए के द्वारा राशन कार्डधारियों से चावल खरीदकर मार्केट में जिस दुकान में बेचा जाता है, हो सकता है उस दुकान में पूरे शहर से बिचौलियों द्वारा राशन दुकान का चावल बेचा जाता हो। इस बात की जानकारी खाद्य विभाग को तब हो पाती जब सही समय में कार्रवाई की जाती। जबकि विभाग अपना अलग राग अलाप रहा है।

### फूड कंट्रोलर, फूड इंस्पेक्टर सब चुप

जिन फूड इंस्पेक्टरों ने तारबाहर में बिचौलिए के घर पर छापामार कार्रवाई की है उनसे पूछा गया कि क्या बयान लेते समय खाद्य विभाग की टीम द्वारा बिचौलिए से यह पूछा गया कि राशन दुकान का चावल हितग्राहियों से खरीदने के बाद मार्केट की किस दुकान पर बिक्री करता है? कुछ फूड इंस्पेक्टरों ने बिचौलिए से बयान में ऐसी किसी भी तरह की जानकारी नहीं लेने की बात कही। एक इंस्पेक्टर ने बताया कि उन्होंने बिचौलिए से इस संबंध में पूछा लेकिन उसने नहीं बताया। इंस्पेक्टरों के इस जवाब से स्पष्ट है कि मामले में पूरी तरह लीपापोती की जा रही है। इस संबंध में फूड कंट्रोलर से भी पूछा गया, लेकिन उन्होंने भी कोई जानकारी नहीं दी।

---

# जिला अस्पताल के आईसीयू में लगा ताला, रिफर हो रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करोड़ों रूपए खर्च कर मरीजों के बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल में बनाया गया आईसीयू पिछले 25 दिनों से बंद है। कर्मचारियों के हड़ताल में जाने के बाद आईसीयू में ताला लग चुका है। वहीं इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को सीधे सिम्स और रायपुर रिफर कर दिया जा रहा है।

जिला अस्पताल में करोड़ों रूपए खर्च कर आईसीयू की स्थापना की गई है। यहां ज्यादातर काम करने वाले नर्स,वार्ड बॉय व स्टाफ एनएचएम कर्मचारी है, वर्तमान में 25 दिनों से एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल जारी है, जिसके चलते अस्पताल के 100 से अधिक कर्मचारी हड़ताल की राह



पकड़ चुके हैं। ऐसे में आईसीयू पूरी तरह से बंद है। प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा है कि पिछले 25 दिनों से यहां ताला लगा हुआ है। जाहिर सी बात यह है कि 25 दिनों से एक भी मरीज को एडमिट नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि एक्सीडेंट, बर्न और गंभीर मरीजों को डाक्टरों के द्वार बिना जांच और इलाज किए सीधे सिम्स और रायपुर रिफर कर दिया जा रहा है। ऐसे में दूर गांव से इलाज की आस में पहुंचने वाले मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, कई बार मरीजों की जान पर बन आती है।

### वेंटिलेटर और मल्टी मीटर खा रहे धूल

आईसीयू में सीएसआर मद और अन्य शासकीय मदों द्वारा लाखों रूपए की मशीन लगाई गई है। 30 बेड, वेंटिलेटर और मल्टीमीटर लगाए गए हैं जो अब धूल खा रहे हैं। खास बात यह है कि यहां के डाक्टर कुछ लोगों को ट्रीटमेंट के लिए ही आईसीयू में वीवीआईपी मरीजों को भर्ती करते रहे हैं, लेकिन वर्तमान में यह भी बंद हो चुका है।

---

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# झपट्टा मारकर 50 हजार लूटने वाले नाबालिग सहित 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से झपट्टा मारकर शिक्षक की बाइक डिक्की से 50 हजार रुपए लूटकर भागने वाले बाइक सवार नाबालिग सहित दो युवकों को पकड़ लिया है। उनके पास से 45 हजार रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी

6 सितंबर को भरारी निवासी शिक्षक रामनारायण ताम्रकार लखराम बैंक से 50 हजार रुपए निकालकर बाइक की डिक्की में रखकर गांव लौट रहे थे। शाम 4.30 बजे लखराम शराब दुकान के आगे बाइक सवार दो युवक आए और उनके पास जाकर सरवन देवरी का रास्ता पूछने लगे। शिक्षक ने रास्ता बताने के लिए बाइक की रफ्तार धीमे की, तो पीछे में बैठे युवक ने उनकी डिक्की से 50 हजार सहित थैला निकाल लिया उसके बाद दोनों भाग निकले। रतनपुर टीआई संजय सिंह राजपूत ने स्टाफ के साथ घटनास्थल व आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला, जिससे झपट्टा मारने वाले युवकों की फुटेज हाथ लग गया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने सीपत सेलर बैगापारा निवासी राकेश कश्यप पिता कृष्णअवतार कश्यप 23 साल व एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने 50 हजार रुपए लूटना स्वीकार कर लिया। उनके पास से 45 हजार रुपए, दो मोबाइल, वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

पकड़ा गया नाबालिग घटना के दिन काम से लखराम बैंक गया था। उसने शिक्षक को बैंक से पैसा निकालकर गिनते हुए देख लिया। उसने तत्काल अपने दोस्त राकेश कश्यप को फोन पर जानकारी देकर बैंक बुलाया। उसके बाद दोनों शिक्षक को लूटने की योजना बनाकर बैंक से उनका पीछा करने लगे। सुनसान जगह देखकर दोनों चालाकी से झपट्टामारी कर रकम चोरी कर भाग गए थे।




**खबर संक्षेप**

## जेएमपी कॉलेज में पूर्व छात्र मिलन समारोह




**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सन 2000 के बाद पास हुए होने वाले छात्र उपस्थित हुए। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किया एवं महाविद्यालय के विकास में सहयोग देने का आश्वासन दिया। महाविद्यालय से अध्ययन कर निकले शासकीय सेवा में कार्यरत छात्र शिव शंकर गोयल, हर्ष मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, अजय कुमार शिवहरे, अब्दुल रियाज, भागवत जायसवाल, विजय सोनवानी, लवकांत द्विवेदी आदि ने अध्यापन के समय महाविद्यालय में बिताए गए अपने समय व प्राध्यापकों के सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने सभी पूर्व छात्रों से अपनी क्षमता के अनुसार महाविद्यालय के विकास में सहयोग देने की अपील की। एलूमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष परवेज भारमल ने संगठन के विस्तार एवं अधिक से अधिक भूतपूर्व छात्रों को एलुमनी एसोसिएशन से जुड़ने की अपील सभी से की। कार्यक्रम को मनजीत सिंह, चंचल, विनय गोयल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ मीना शर्मा ने उपस्थित सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान संदीप साहू, पूजा गेंदले, सोनी यादव, शैलेंद्र आहूजा, डेविड नवरंग सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ एस के पांडे, डॉ सीमा मनीषा नाथ, इंदू कौशल, डॉ डीपी चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे।

## गायत्री परिवार की नशामुक्ति कार्यशाला




**पेंड्रा।** अखिल गायत्री परिवार की युवा शाखा डिवाइन ग्रुप की ओर से उच्चतर माध्यमिक शाला टीकर में नशामुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। संगठन के जिला संयोजक कंचन सिंह ने दिया कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, युवाओं को सकारात्मक दिशा दिखाना और नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना ही इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है, और इसे नशे से बचाना समय की आवश्यकता है। डिवाइन ग्रुप के कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू ने कहा कि, नशे की लत आज के युवा वर्ग को शिकारी की तरह जकड़ रही है। उन्होंने कहा कि जिस ओर जवानी जाती है, उसी ओर जमाना जाता है, इसलिए आज के समय में युवाओं को नशे से बचाना ही सबसे बड़ा कार्य है। ग्रुप के संरक्षक मथुरा सोनी ने कहा कि, नशा जीवन को दुख, गरीबी और बीमारी की ओर ले जाता है। मनुष्य को अच्छे-बुरे की परख स्वयं करनी चाहिए और नशा मुक्त भारत बनाने में हर किसी को अपना योगदान देना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य आरती तिवारी, दिया छत्तीसगढ़ प्रांत सह संयोजक ओमप्रकाश बलभद्र, ब्लॉक संयोजक अंजलि पटेल, जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू, शिक्षक गिरीश दत्त शर्मा, ओमप्रकाश तिवारी, रामपुरी गोस्वामी, पूजा कछवाहा, विनय कुजूर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने नशामुक्ति का संकल्प लिया।

## जल जीवन मिशन के रूके कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश



**मुंगेली।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता कुंदन राणा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत ठेकेदारों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शासन की महत्वकांक्षी जल जीवन मिशन अंतर्गत रूके हुए कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों में विलंब हो रहा है, उन्हें तुरंत गति प्रदान कर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएं। साथ ही जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनका हर घर जल प्रमाणीकरण कराते हुए संबंधित पंचायतों को हस्तांतरित किया जाए। कार्यपालन अभियंता श्री राणा ने ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा से कोई समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक में मुंगेली एसडीओ आशीष मिश्रा, पथरिया एस.डी.ओ. सुधाकर सोनकुशरे, सुनील कसार लेखाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी, तकनीकी कर्मचारी एवं सभी ठेकेदार उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया जा रहा रजत जयंती महोत्सव

# राज्य को विकसित बनाने में विद्यार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग डॉ. ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, मुंगेली में "छत्तीसगढ़ 2050 एवं विकसित छत्तीसगढ़ 2047" विषय पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय महाविद्यालय पाली (कोरबा) के सहायक प्राध्यापक हर्ष पांडे उपस्थित रहे। उन्होंने छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शोभित बाजपेई ने कहा कि राज्य को विकसित बनाने में उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा एवं विकसित छत्तीसगढ़ के भविष्य पर अपने विचार साझा किए। संगोष्ठी का संचालन उच्च शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी एवं एनएसएस जिला संगठक एनके पुरले ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी एसके भारती, पूनम कोरी, तृप्ति लकड़ा सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्राध्यापक एसके तिवारी ने किया।


संगोष्ठी में शामिल विद्यार्थी।

## सीएसआर कॉलेज में साहित्यिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम




**करगीरोड कोटा।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सीएसआर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत पीपरतराई के सरपंच बसंत कुमार बंजारे एवं विशिष्ट अतिथि उपसरपंच सच्चिदानंद यादव रहे। सरपंच ने शिक्षा को समाज कल्याण आधार बताते हुए शिक्षार्थियों को निरंतर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीएन शर्मा ने शिक्षा, कौशल, आध्यात्म जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र आशीष कुमार, छात्रा सुमन बघेल, सानिया, सावित्री सहित बड़ी संख्या में वर्तमान विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र टोडर एवं आभार नेहा साहू ने किया।

## पोर्ते कॉलेज में बच्चों के बीच हुई विविध प्रतियोगिताएं

**मरवाही।** डॉ भंवर सिंह पोर्ते आदिवासी महाविद्यालय मरवाही में गुरुवार को छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह का शुभारंभ हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पंडित गोवर्धन तिवारी एवं किरण गुप्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी सावित्री केवट एवं राजेन्द्र ताम्रकार ने किया। पांच दिवसीय आयोजन के पहले दिन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कुल नौ समूहों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप की छात्राएं आरती, याशिका, पूजा और जानवी तथा सरदार बल्लभ भाई ग्रुप के छात्र पियूष मिश्रा, विक्रम, अनुराग और गणेश ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रानी दुर्गावती ग्रुप की छात्राएं प्रीति, कौशिल्या और श्रद्धा तथा स्वामी विवेकानंद ग्रुप की आरती, संतोषी, अंजली और सुनीता द्वितीय स्थान पर रहीं। तीसरे स्थान पर अवंतिका ग्रुप के छात्र तामसिंह, चंदन सिंह, कमलेश और लवकेश तथा डॉ राजेन्द्र प्रसाद ग्रुप के देव नारायण, राम मार्को, हरीश देव और शहबाग सिंह रहे।




## हर-दिन हर-घर आयुर्वेद जनजागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

**दगोरी।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के तहत गुरुवार को 'हर-दिन हर-घर आयुर्वेद' की थीम पर संचालनालय आयुष विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ यशपाल सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर धूमा मे जागरूकता रैली का आयोजन डॉ भारती श्रीवास की ओर से किया गया। यह आयोजन प्राथमिक विद्यालय धूमा की प्रधान पाठिका रजनी बघौत के समन्वय से किया गया। इसके साथ ही जनजागरूकता कार्यक्रम 'हर-दिन हर-घर आयुर्वेद' का शुभारंभ किया गया। डॉ भारती श्रीवास ने बताया कि, छत्तीसगढ राज्य के रजत वर्ष पूर्ण होने पर आयुष विभाग द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से श्री संतीश मिश्रा, सरोज सिंह, सपना आइजिक, संध्या शर्मा और आयुष विभाग से कृष्ण कुमार पांडेय, अश्विनी पटेल उपस्थित रहे। सभी को पाम्पलेट वितरण किया गया एवं आयुर्वेद की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान की गई।




## यूरिया की कमी को लेकर किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सेतगंगा/मुंगेली।** किसानों की सबसे बड़ी परेशानियों में से एक यूरिया खाद की कमी और लगातार हो रही बिजली कटौती है। इन दोनों गंभीर मुद्दों को लेकर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों और किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मुंगेली एसडीएम से मिला और ज्ञापन सौंपा। किसान संघ के जिला अध्यक्ष विवेकानंद साहू ने कहा कि वर्तमान में जिलेभर के किसान यूरिया की किल्लत से जूझ रहे हैं। समय पर खाद नहीं मिलने से धान की फसल प्रभावित हो रही है। वहीं, बिजली कटौती के चलते सिंचाई कार्य भी बुरी तरह बाधित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल समस्या का समाधान करने की मांग की। किसानों की बात सुनने के बाद अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) मुंगेली ने भरोसा दिलाया कि किसानों को अब ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दो दिनों के भीतर सभी किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## भाजपा ने किसानों की चिंता कर बनाई योजनाएं: ठाकुर




**गौरेला।** भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर अपने एकदिवसीय प्रवास पर जीपीएम पहुंचे, जहां प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री ठाकुर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि, भारत एक कृषि प्रधान देश है एवं किसान ही देश का भरण पोषण करता है। भाजपा सरकार ने ही आज तक किसानों की चिंता की है, जब देश में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की सरकार थी, तब उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना को लागू कर किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं के कारण भारत का अन्नदाता मजबूत और आर्थिक रूप से संपन्न हो चुका है। मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने किसानों को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया। साथ ही कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि, जिला भाजपा कार्यालय में पहली बार किसानों की इतनी भीड़ देखने को मिली है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर ने एवं आभार सेमरा मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी ने किया। इस अवसर पर जैविक खेती करने वाले कृषकों को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

## जूनापारा में बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**तखतपुर।** अपराधों से सजग रहने बिलासपुर पुलिस प्रशासन की ओर से इन दिनों चेतना अभियान, नशे के विरुद्ध अभियान, जिंदगी को कहे हां और नशे को कहे ना अभियान, डायल 133, साइबर फ्रॉड के लिए डायल 130 का लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।पुलिस की जागरुकता पहल से शहरी क्षेत्र के लोगों में काफी जागरूकता आई है, लेकिन कहीं ना कहीं ग्रामीण अभी भी आपराधों की चपेट में आ जाते हैं। इसको लेकर एसएसपी रजनेश सिंह ने ग्रामीणों को जागरूक करने ग्रामीण क्षेत्रों के थाना के प्रभारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए थे। इसी क्रम में जूनापारा चौकी प्रभारी संजीव ठाकुर अपने स्टाफ के साथ मिलकर भीमपूरी, भंवराकछार, जोगीपुर, सकेरी, नेवसा, डोमनपुर, उदयपुर के स्कूली बच्चों को जूनापारा हायर सेकेंडरी स्कूल में एकत्र कर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया। उक्त प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, फुगडी, कुर्सी दौड़ ,रस्सी कूद, गेड़ी दौड़ चम्मच दौड़ और लंगड़ी दौड़ जैसे खेल शामिल रहे।

## प्रतिभागियों को दी गई हेयर व मेकअप की आधुनिक तकनीकों की जानकारी



**तखतपुर।** न्यू उड़ान जनसेवा फाउंडेशन द्वारा तखतपुर में पहला हेयर सेमिनार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 11 सितम्बर को नई उड़ान जनसेवा फाउंडेशन एवं मायरा ब्यूटी टाउन के संयुक्त तत्वावधान में ब्यूटी सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार नगर में पहली बार आयोजित किया गया, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। इस कार्यक्रम की आयोजक प्रिटी मसीह रहीं, जिन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मार्क प्रो हेयर आर्टिस्ट शाकिल अली ने प्रतिभागियों को हेयर और मेकअप की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। नई उड़ान जनसेवा फाउंडेशन की डायरेक्टर उषा शर्मा ने सेमिनार का संचालन और मार्गदर्शन करते हुए छात्र व छात्राओं को ब्यूटी इंडस्ट्री में करियर बनाने हेतु प्रेरित किया। इस आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से आए अनेक ब्यूटीशियन और मेकअप आर्टिस्ट शामिल हुए। कार्यक्रम मे प्रिटी मसीह रिचल बोयल, सुधा खाण्डेय, रवीना,प्रिति , चेतना पाण्डेय, राधिका सिंगरौल, कनशा कौशिक, नजरिन खान, कविता साहू, सुषमा देवांगन, धनी साहू आदि उपस्थित रहे।

## सायकल मिलने से बालिकाओं की पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी: मरपच्ची



**पेंड्रा।** शासकीय कन्या विद्यालय निमधा में आयोजित सायकल वितरण समारोह में मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एवं सरस्वती सायकल योजना के तहत सभी छात्राओं को सायकल वितरित की। विधायक मरपच्ची ने कहा कि, शिक्षा ही जीवन में प्रगति का सबसे बड़ा साधन है। सरकार द्वारा संचालित यह योजना छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सहूलियत देने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सायकल मिलने से बालिकाओं की पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी, और उनकी शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला एवं सायकल पाकर छात्राओं के चेहरों पर रौनक नजर आई। समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमचंद मरावी, जिला पंचायत सदस्य राजेश नंदिनी, मंडल के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## कार्यशाला में दी गई सेवा पखवाड़ा की रूपरेखा की जानकारी



**तखतपुर।** भाजपा मंडल तखतपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा मनाने लेकर मोहन वाटिका में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान संयोजक दिनेश राजपूत ने आगामी कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने सेवा पखवाड़ा में जगह-जगह कार्यक्रम किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि, सेवा पखवाड़ा के तहत न केवल मंडल मुख्यालय, बल्कि प्रत्येक बूथों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला महामंत्री प्रदीप कौशिक ने कहा कि, देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में पार्टी के निर्देशानुसार अनेक सेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि, नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री मंत्री बनने के बाद से उनके जन्मदिन को प्रतिवर्ष सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हैं। इस बार भी एक सप्ताह तक यह कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें हम सबको भागीदारी करनी है। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू ने तथा आभार प्रदर्शन पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष बंशी पांड़े ने किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार साहू, महामंत्री प्रीतम कश्यप, प्रमोद ठाकुर, लव कुमार पांडेय, सरपंच संघ के अध्यक्ष श्याम सुंदर कश्यप, अमित मंदानी, जनपद सदस्य ऋषभकश्यप, अजय यादव, सरजू यादव, राघवेन्द्र पांडेय अन्य उपस्थित रहे।

### आगर खेल परिसर से महामाया मंदिर तक निकाली मनोकामना यात्रा

# हड़ताली स्वास्थ्य कर्मी पहुंचे माता के दरबार, निकाली चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले के लगभग 300 एनएचएम स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के 25वें दिन अनोखा प्रदर्शन करते हुए माता की शरण में पहुंचे। हड़ताली कर्मचारियों ने धरना स्थल से आगर खेल परिसर से दाऊपारा स्थित मां महामाया मंदिर तक लंबी मनोकामना चुनरी यात्रा निकाली।

इस दौरान सभी कर्मचारी पैदल चलते हुए माता के दरबार पहुंचे। कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से 30 मीटर से अधिक लंबी चुनरी माता को अर्पित की। चुनरी यात्रा में एनएचएम कर्मचारियों का कहना है कि माता से यही प्रार्थना करने आए हैं कि सरकार जल्द उनकी मांगों को पूरा करे, जिससे आंदोलन को समाप्त करने का रास्ता निकले। धरना स्थल आगर खेल परिसर से निकली चुनरी यात्रा में महिला और पुरुष कर्मियों की बड़ी संख्या मौजूद रही। सभी ने हाथों में चुनरी थाम रखी थी और नारे लगाते हुए आगे बढ़े। दाऊपारा स्थित महामाया मंदिर पहुंचने पर कर्मचारियों ने मां को चुनरी चढ़ाई गई और सामूहिक रूप से माता से विनती की गई कि सरकार जल्द सुनवाई करें। कर्मचारियों ने कहा कि मांग पूरी नहीं होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

संघ के जिला अध्यक्ष पवन निर्मलकर ने बताया कि उनकी मांगें अब तक अनसुनी हैं, इसलिए वे माता की शरण में आकर सरकार को सद्बुद्धि देने प्रार्थना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नाराज संविदा एनएचएम कर्मचारी नियमितीकरण समेत कई मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। एनएचएम कर्मचारियो ने बताया कि वे बीते दो दशक से नियमितिकरण और सेवा शर्तों को लेकर संघर्षरत हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। मजबूर होकर उन्हें हड़ताल का सहारा लेना पड़ा है। कर्मचारी संघ की ओर से किए जा रहे लगातार प्रदर्शनों के बाद भी कोई कार्रवाई उनके हित को लेकर नहीं की जा रही है।


माता को चुनरी अर्पित करने जाते स्वास्थ्यकर्मी।

## मासिक पत्रिका जनमन आमलोगों को वितरित


जनमन पत्रिका के साथ जनपद सीईओ

**मुंगेली।** जनपद पंचायत कार्यालय मुंगेली में मासिक पत्रिका जनमन का आमलोगों को वितरण किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार द्वारा आम लोगों के हित में जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन एवं महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन मासिक पत्रिका में दी जाती है। जनपद पंचायत सीईओ राकेश साहू ने बताया कि इस पुस्तिका में शासन की विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों से जुड़ी अद्यतन जानकारी बहुत ही सरल ढंग से दी गई है। इसे पढ़ने से न केवल शासन की नीतियों और कार्ययोजनाओं के प्रति गहरी समझ विकसित होती है, बल्कि प्रतियोगी परीक्षा जैसे पी.एस.सी., व्यापम जैसी राज्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए जनमन पत्रिका को उपयोगी बताया। इस दौरान कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और आमजन मौजूद रहे।